www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-41 • पृष्ठ-8 • मूल्य-01 रूपये • वीरवार 16 अक्टूबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


## न्यूज ब्रीफ

### अफगानिस्तान पर पाक ने हवाई हमले किए

**काबुल**| पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हवाई हमले किए हैं। अफगानी मीडिया के मुताबिक पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने काबुल शहर के तैमानी और स्पिन बोल्डक जिले के सिविलियन इलाके पर बमबारी की है। इससे पहले पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को फिर झड़पें हुईं। AP के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में सीमा पर दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया है। अफगानिस्तान के तालिबान प्रवक्ता मावलवी जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि बुधवार सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। इस हमले में 12 आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

### तमिलनाडु शराब घोटाला SC ने ईडी से पूछा

**नई दिल्ली**| सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार, 14 अक्टूबर को तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन में शराब घोटाले की मनी लॉन्ड्रिंग जांच पर ईडी द्वारा लगाए गए रोक को बढ़ा दिया। अदालत ने यह कदम तब उठाया जब उसने मौखिक टिप्पणी के दौरान यह सवाल किया कि क्या ईडी की कार्रवाई राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में दखल नहीं कर रही है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से पूछा, "संघीय ढांचे का क्या होगा? क्या यह राज्य की जांच करने की शक्तियों का उल्लंघन नहीं है? सुप्रीम कोर्ट की यह प्रतिक्रिया राज्य और केंद्र के बीच जांच अधिकारों के संतुलन पर एक महत्वपूर्ण संकेत है।

### ईरान में फ्रांस के दो नागरिकों को जेल

**ईरान**| ईरान की अदालत ने फ्रांस के दो नागरिकों को जासूसी और राष्ट्रीय सुरक्षा के गंभीर आरोपों में कुल 63 साल की जेल की सजा सुनाई है। दोनों को अलग-अलग 30-30 साल से अधिक समय जेल में बिताना होगा। ईरानी मीडिया के अनुसार, आरोपियों को सेसिल कोहलर और चक पेरिस नामों से जाना जाता है, हालांकि उनके असली नाम का खुलासा नहीं किया गया। दोनों को 2022 में ईरानी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। फ्रांस सरकार ने इन आरोपों को असत्य बताया और अदालत के फैसले को अन्यायपूर्ण करार दिया। अदालत के फैसले के खिलाफ अगले 20 दिनों के भीतर सुप्रीम कोर्ट में अपील की जा सकती है।

## CitizenReporter

अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 81468-77702 या ईमेल **infosummerexpress@gmail.com** पर भेजें।

# पूरन की आईएएस पत्नी व आप विधायक पर एफ़आईआर दर्ज

## आईपीएस बनाम एएसआई: संदीप का पोस्टमार्टम के बाद संस्कार आज

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़/रोहतक**

हरियाणा पुलिस के वरिष्ठ आईपीएस वाई. पूरन कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर आत्महत्या करने वाले एएसआई संदीप लाठर का परिवार अब उनके शव का पोस्टमॉर्टम कराने के लिए मान गया है। परिवार तब माना है जब परिजन की शिकायत पर आईपीएस पूरन की पत्नी आईएएस अमनीत कुमार, उनके भाई आप विधायक अमित मान और आईपीएस के गनमैन सुशील के खिलाफ एफ आई आर हुई। रोहतक के एएसपी शशि शेखर, एसडीएम आशीष कुमार और सीएम के ओएसडी विरेंदर सिंह परिवार को पोस्टमॉर्टम के लिए मनाने पहुंचे थे। करीब 2 घंटे चली मीटिंग के बाद बॉडी को पीजीआई रोहतक की मोर्चरी भिजवा दिया गया। अब वीरवार सुबह 8 बजे पोस्टमॉर्टम और दोपहर 12 बजे जींद के जुलाना में अंतिम संस्कार होगा संदीप के मामा के बेटे संजय ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। परिवार ने न्यायिक जांच की मांग की है। जांच टीम ने संदीप लाठर का मोबाइल डेटा, व्हाट्सऐप चैट और कॉल रिकॉर्ड जब्त किए हैं। पूरन कुमार की ईमेल और सरकारी फाइलों की भी पड़ताल जारी है। राव इंद्रजीत गैंग से जुड़े कुछ लोगों और कुछ पुलिस अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारी का कहना है कि दोनों मौतों को जोड़कर देखा जा रहा है, कोई एंगल फिलहाल खारिज नहीं। दो आत्महत्याएं अब एक बड़े सवाल में बदल चुकी हैं।



सेक्टर-25 श्मशान घाट में वाई. पूरन कुमार का अंतिम संस्कार हुआ।

### 9 दिन बाद एडीजीपी पूरन का संस्कार

*इससे पहले हरियाणा पुलिस के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई. पूरन कुमार के सुसाइड के नौ दिन बाद बुधवार को चंडीगढ़ पीजीआई में आखिरकार पोस्टमॉर्टम हुआ। इसके बाद शाम को उनका संस्कार कर दिया गया। बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में चार घंटे चली प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। दोपहर को अंतिम यात्रा निकली और शाम को सेक्टर-25 श्मशान घाट में वाई. पूरन कुमार का अंतिम संस्कार हुआ। उनकी पत्नी अमनीत पी. कुमार ने कहा कि मुझे न्यायपालिका और पुलिस पर पूरा भरोसा है, जांच निष्पक्ष होनी चाहिए।*

# छात्रा का यौन उत्पीड़न, यूनिवर्सिटी प्रशासन ने नहाने-कपड़े बदलने को कहा-एसएयू हॉस्टल इंचार्ज ने न पुलिस को बुलाया, न मदद की

**नई दिल्ली**। दक्षिणी दिल्ली स्थित साउथ एशियन यूनिवर्सिटी में एक बी.टेक प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। मामला 12 अक्टूबर की रात का है, जब चार लोगों ने छात्रा के साथ परिसर में यौन उत्पीड़न किया और उसके कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता बिहार के मोतिहारी की रहने वाली है। उसने बताया कि उसे कई दिनों से 'आर्यन यश' नाम के एक शख्स द्वारा धमकी भरे और अश्लील ईमेल मिल रहे थे। रविवार रात विश्वविद्यालय में चार पुरुषों ने उसे घेर लिया, उसके कपड़े फाड़े और दुष्कर्म की कोशिश की। किसी तरह वह खुद को छुड़ाकर वहां से भागी। मैदानगढ़ी थाना पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, अपहरण, गलत तरीके से रोकने और जहर देने जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया है। डीसीपी दक्षिण अंकित चौहान के अनुसार, जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।. एफआईआर में छात्रा ने आरोप लगाया कि हॉस्टल इंचार्ज ने न तो पुलिस को बुलाया और न ही तुरंत मदद की। इसके बजाय उसे "नहाने और कपड़े बदलने" की सलाह दी गई, जिससे महत्वपूर्ण सबूत नष्ट हो सकते थे। उसने कहा कि जब वह अपनी माँ को वीडियो कॉल कर चोट के निशान दिखाना चाहती थी, तो हॉस्टल स्टाफ और गार्ड ने उसे ऐसा करने से रोका ।

## किसान नेता चढ़ूनी ने खाद्य अधिकारी को मारा थप्पड़, 20 हिरासत में

**समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में बुधवार को भारतीय



किसान यूनियन (चढ़ूनी) के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी एक बार फिर विवादों में आ गए। लघु सचिवालय में धान की खरीद को लेकर चल रहे धरने के दौरान चढ़ूनी ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश कुमार को थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चढ़ूनी सहित 20 किसानों को हिरासत में ले लिया। सभी को झांसा थाने ले जाया गया है, जहां सुरक्षा के मद्देनज़र भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

## पूर्व सांसद के बेटे पर दुष्कर्म का आरोप, शादी का झांसा दे करता था शोषण, केस दर्ज

**समर न्यूज़ | सोलन**

हिमाचल प्रदेश की राजनीति में हलचल मचाने वाला एक बड़ा मामला सामने आया है। शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप के बेटे ब्रिजेश्वर कश्यप पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगा है। सोलन की एक महिला ने ब्रिजेश्वर पर शादी का झांसा देकर दो साल तक यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में महिला थाना सोलन में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में महिला ने बताया कि आरोपी ने उसे शादी का भरोसा दिलाकर लंबे समय तक संबंध बनाए, लेकिन जब उसने शादी करने का दबाव बनाया तो ब्रिजेश्वर ने इनकार कर दिया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया

# दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी दिवाली पर सीमित समय तक फोड़ने और बिक्री की अनुमति

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दिवाली से पहले बड़ी राहत देते हुए ग्रीन पटाखों की बिक्री और फोड़ने की सशर्त अनुमति दे दी। अदालत ने कहा कि त्योहारों की खुशियों और पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना ज़रूरी है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने आदेश दिया कि दिल्ली- एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखों की बिक्री और फोड़ने की अनुमति रहेगी। हालांकि, इसके लिए समय सीमा तय की गई है — सुबह 6 से 7 बजे तक और शाम 8 से 10 बजे तक ही पटाखे फोड़े जा सकेंगे। केवलक्यूआरकोडवालेअसलीग्रीनपटाखेमान्य सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि सिर्फ



CSIR-NEERI द्वारा स्वीकृत ग्रीन पटाखे ही बेचे या जलाए जा सकते हैं। इनमें क्यूआर कोड होना अनिवार्य है ताकि उनकी प्रामाणिकता की जांच की जा सके। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई नकली या पारंपरिक पटाखे बेचता पाया गया, तो उसका लाइसेंस तुरंत रद्द किया जाएगा। पुलिस की पेट्रोलिंग और निगरानी के आदेश अदालत ने कहा कि पुलिस को थाना स्तर पर पेट्रोलिंग टीमें बनानी होंगी जो बाजारों और कॉलोनियों में निगरानी रखेंगी कि केवल अनुमत उत्पाद ही बेचे जा रहे हैं। इसके अलावा, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के जरिए पटाखों की बिक्री पर पूरी तरह रोक रहेगी। दिल्ली के बाहर से पटाखे लाने पर रोक सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली- एनसीआर के बाहर से लाए गए पारंपरिक पटाखे पर्यावरण को अधिक नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए इस क्षेत्र में उनकी बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सीपीसीबी करेगा वायु गुणवत्ता की निगरानी कोर्ट ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण बोर्डों को आदेश दिया कि वे 14 से 21 अक्टूबर तक दिल्ली- एनसीआर में वायु और जल गुणवत्ता की निगरानी करें और रिपोर्ट अदालत में जमा करें। ग्रीनपटाखेबनामपारंपरिकपटाखे—क्याफर्कहै? CSIR-NEERI के शोध के मुताबिक, पारंपरिक पटाखों में भारी धातु-आधारित यौगिक (जैसे बैरियम और एल्यूमिनियम) होते हैं, जो वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। वहीं ग्रीन पटाखों में जिओलाइट और आयरन ऑक्साइड जैसे मल्टीफंक्शनल एडिटिव्स का इस्तेमाल होता है, जिससे उत्सर्जन कम होता है। हालांकि, ये पूरी तरह प्रदूषण-मुक्त नहीं हैं —CSIR-NEERI का कहना है कि ग्रीन पटाखे पारंपरिक पटाखों की तुलना में लगभग 30% कम प्रदूषण फैलाते हैं और पार्टिकुलेट मैटर का स्तर घटाते हैं। कोर्ट का रुख: संतुलित उत्सव, सुरक्षित पर्यावरण अदालत ने कहा कि "त्योहारों के उल्लास को खत्म किए बिना पर्यावरण की रक्षा करना ज़रूरी है।" कोर्ट के मुताबिक, पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के बजाय एक संतुलित रास्ता अपनाया गया है, ताकि लोग नियंत्रित तरीके से उत्सव मना सकें और प्रदूषण भी न बढ़े।

### अमेरिकी पासपोर्ट पहली बार टॉप-10 लिस्ट से बाहर

## सिंगापुर पहले नंबर पर, भारत की रैंकिंग में आठ पायदान का सुधार

**एजेंसी | अमेरिका**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया में अपनी ढिंढोरा पीटते हैं, अलग-अलग देशों में युद्धविराम कराने का खूब डंका बजाते हैं। ट्रंप ने शांति नोबेल पुरस्कार की मांग की थी, लेकिन उन्हें वह पुरस्कार भी नहीं मिला। इसी तरह, अब अमेरिकी पासपोर्ट भी टॉप 10 पासपोर्ट की सूची से बाहर हो गया है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 के अनुसार, अमेरिकी पासपोर्ट पहली बार दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की टॉप-10 सूची से बाहर हो गया है। यह बीते 20 वर्षों में पहली बार हुआ है जब अमेरिका 12वें स्थान पर पहुंच गया है। अब अमेरिकी पासपोर्ट धारक 227 में से 180 देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं, जो मलेशिया के बराबर है। वहीं, सिंगापुर ने एक बार फिर दुनिया का सबसे ताकतवर पासपोर्ट होने का दर्जा हासिल किया है, जिससे 193 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। इसके बाद दक्षिण कोरिया (190) और जापान (189) क्रमश दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इस बीच भारत की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है, भारतीय पासपोर्ट अब 77वें स्थान पर है, जो साल के पहले क्वार्टर के मुकाबले 8 पायदान बेहतर है। भारतीय पासपोर्ट से अब 59 देशों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल की सुविधा मिलती है। अमेरिकी पासपोर्ट की रैंकिंग में गिरावट की वजह कई देशों द्वारा वीजा नियमों को सख्त किया जाना है। ब्राजील ने अप्रैल में अमेरिकी नागरिकों के लिए वीजा-फ्री एंट्री खत्म कर दी, वहीं चीन ने अपने वीजा-




फ्री प्रोग्राम में अमेरिका को शामिल नहीं किया। पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, भारत, सोमालिया और वियतनाम जैसे देशों की नई नीतियों ने भी अमेरिकी पासपोर्ट की ताकत घटाई है। हेनली एंड पार्टनर्स के चेयरमैन क्रिश्चियन केलिन के अनुसार, "यह सिर्फ रैंकिंग का मामला नहीं है, बल्कि यह दिखाता है कि वैश्विक शक्ति संतुलन अब बदल रहा है, जो देश खुलेपन की नीति अपना रहे हैं, वे आगे बढ़ रहे हैं, जबकि कठोर सोच वाले पीछे रह गए हैं।" भारत की रैंकिंग में सुधार का कारण उसकी बढ़ती आर्थिक और कूटनीतिक ताकत है। फिलीपींस और श्रीलंका जैसे देशों के साथ वीजा-फ्री समझौते, डिजिटल ई-वीजा सुविधाओं का विस्तार और पर्यटन व व्यापारिक संबंधों का मजबूत होना इसमें सहायक साबित हुआ है। ब्रिटेन का पासपोर्ट भी कमजोर हुआ है, जो पहले छठे स्थान पर था और अब आठवें पर पहुंच गया है। वहीं, चीन का पासपोर्ट 2015 में 94वें स्थान से उछलकर अब 64वें स्थान पर आ गया है। चीन ने अब तक 37 नए देशों के साथ वीजा-फ्री समझौते किए हैं और 76 देशों को बिना वीजा एंट्री की सुविधा दी है जो अमेरिका से 30 अधिक है।

## भारतीय मूल के अमेरिकी अधिकारी गिरफ्तार और चीनी अधिकारियों से गोपनीय मुलाकात का आरोप

**• 10 साल जेल और 2 करोड़ रुपए तक का हो सकता है जुर्माना**

**एजेंसी | अमेरिका**

भारतीय मूल के अमेरिकी विदेश विभाग के सीनियर एडवाइजर एश्ले टेलिस को 12



अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन पर देश की सुरक्षा से जुड़े गोपनीय दस्तावेज अपने पास रखने और चीनी अधिकारियों से गुप्त मुलाकात करने का आरोप है। 64 साल के टेलिस के वर्जीनिया स्थित घर से एफबीआई ने 1,000 से अधिक पेज के गोपनीय दस्तावेज बरामद किए। अगर उन्हें दोषी पाया गया तो उन्हें 10 साल तक की जेल और 2.5 लाख डॉलर (करीब 2 करोड़ रुपए) जुर्माना हो सकता है। टेलिस की सुनवाई वर्जीनिया कोर्ट में होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामले होने के कारण जमानत मिलने की संभावना कम है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप के पहले कार्यकाल में उनकी ट्रांजिशन टीम ने टेलिस का नाम रिचर्ड वर्मा की जगह भारत के राजदूत के लिए चुना था, लेकिन उनकी नियुक्ति नहीं हो पाई और पद के लिए केनेथ जस्टर का चयन हुआ। एफबीआई का कहना है कि टेलिस ने सितंबर-अक्टूबर 2025 के बीच विदेश विभाग और रक्षा मंत्रालय से गोपनीय कागजात निकाले। इनमें एयरफोर्स की योजनाएं, नई तकनीकें

### महाभारत के 'कर्ण' पंकज धीर का निधन

## कैंसर से लंबी जंग के बाद निधन, आज अंतिम संस्कार

**एजेंसी | मुंबई**

लोकप्रिय टीवी शो महाभारत में दानवीर कर्ण का किरदार निभाने वाले अभिनेता पंकज धीर (68) का बुधवार को निधन हो गया।



वे लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। पंकज धीर ने हिंदी फिल्मों और टीवी सीरियल्स में लंबा करियर बनाया। उन्हें चंद्रकांता, युग, द ग्रेट मराठा, बढ़ो बहू जैसे शो में देखा गया। फिल्मों में वे आशिक आवारा, सड़क, सोल्जर, बादशाह जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सिने & टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने आधिकारिक बयान में पंकज धीर के निधन की पुष्टि की। बयान में कहा गया, 'गहरे शोक के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूर्व चेयरमैन और सीआईएनटीएए के पूर्व महासचिव पंकज धीर जी का 15 अक्टूबर 2025 को निधन हो गया। पंकज धीर के पिता सी.एल. धीर फिल्म निर्देशक और प्रोड्यूसर थे। उनके बेटे निकितिन धीर भी अभिनेता हैं और उनकी शादी एक्ट्रेस कृतिका सेंगर से हुई है। पंकज धीर ने 1970 में फिल्म परवाना में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा। इसके बाद छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। 1988 में बी.आर. चोपड़ा के महाभारत टीवी शो से उन्हें देशभर में पहचान मिली, जिसके बाद उन्हें फिल्मों में कैरेक्टर रोल मिलने लगे।

### केंद्र बनाम राज्य भाषा विवाद: सीएम स्टालिन बोले- हिंदी ने 25 भाषाएं निगल लीं; फिल्मों और गानों पर भी रोक का प्रस्ताव, बजट से हटाकर पहले ही तमिल प्रतीक लागू कर चुके

# तमिलनाडु में हिंदी बैन की तैयारी और स्टालिन सरकार विधानसभा में ला सकती है बिल

**एजेंसी | चेन्नई**

तमिलनाडु की स्टालिन सरकार अब राज्य में हिंदी भाषा के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में बढ़ रही है। सूत्रों के अनुसार, विधानसभा में एक ऐसा बिल पेश किया जा सकता है, जिसके तहत हिंदी फिल्मों, गानों, विज्ञापन बोर्डों और होर्डिंग्स पर रोक लगाई जाएगी। गौरतलब है कि तमिलनाडु विधानसभा का विशेष सत्र 14 से 17 अक्टूबर तक चल रहा है। यही सत्र सरकार के लिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसमें अनुपूरक बजट के साथ भाषाई स्वायत्तता से जुड़े विधेयक पेश किए जा सकते हैं। केंद्र से लगातार टकराव डीएमके सरकार और केंद्र के बीच हिंदी के



मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन

इस्तेमाल को लेकर पुराना मतभेद रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने राज्य के बजट दस्तावेज़ों से रुपए का राष्ट्रीय प्रतीक '' हटाकर तमिल लिपि '' (रूबाई) लागू कर दिया था। स्टालिन का कहना है कि राज्य की दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) ने शिक्षा, कौशल और रोज़गार में बेहतर परिणाम दिए हैं, इसलिए राज्य में केंद्र की थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू नहीं की जाएगी। "हिंदी थोपना सांस्कृतिक खतरा" फरवरी में स्टालिन ने एक पोस्ट में कहा था कि जबरन हिंदी थोपने से बीते सौ सालों में 25 उत्तर भारतीय भाषाएं खत्म हो चुकी हैं।

भोजपुरी, मैथिली, ब्रज, गढ़वाली, मारवाड़ी जैसी भाषाएं अब अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी थोपने का विरोध इसलिए जरूरी है क्योंकि हिंदी मुखौटा है और संस्कृत उसका छिपा चेहरा।

▪ शिक्षा नीति पर भी मतभेद... राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्यों को तीन भाषाएं चुनने की आज़ादी दी गई है, लेकिन तमिलनाडु इसका हिस्सा बनने को तैयार नहीं है। राज्य सरकार का कहना है कि शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए, और राष्ट्रीय एकरूपता के नाम पर हिंदी को थोपना स्वीकार्य नहीं।

▪ भाषा से आगे की राजनीति... राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि हिंदी पर बैन का यह कदम सिर्फ भाषाई पहचान का मामला नहीं, बल्कि केंद्र बनाम राज्य की राजनीतिक खींचतान का नया अध्याय है। अगर बिल पास होता है, तो यह विवाद दक्षिण भारत के अन्य राज्यों तक भी फैल सकता है।




# मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के काफिले का हादसा

## » पायलट जीप और स्विफ्ट में टक्कर, 5 घायल, 3 गनमैन गंभीर


टकर के बाद नुक़सान हुए वाहन।



जख्मी पुलिस अधिकारियों को हस्पताल ले जाते हुए।

**समर न्यूज़। गुरदासपुर**

पंजाब के आप कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के काफिले का गुरदासपुर में हादसा हो गया। मंत्री के काफिले में अचानक एक स्विफ्ट कार घुस गई, जिससे उनकी पायलट जीप से टकरा गई। इस टक्कर में दोनों वाहन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में काफिले के 4 गनमैन और कार चालक घायल हुए। घटना कलानौर-गुरदासपुर रोड, अड्डा नड़ांवाली के पास हुई। मौके पर मौजूद मंत्री ने तुरंत काफिला रोका और 108 एंबुलेंस को बुलाया। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, कलानौर ले जाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, 4 गनमैनों में से 3 के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ आज दीनानगर में बाढ़ पीड़ितों को राहत राशि बांटने के लिए जा रहे थे। उनके 3 कार्यक्रम थे। पहली जगह का कार्यक्रम समाप्त करने के बाद काफिले में यह हादसा हुआ। हादसा इतना गंभीर था कि पायलट जीप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर की सीट दब गई। दूसरी कार की स्थिति भी गंभीर थी। मंत्री और उनकी टीम ने सभी घायलों को एंबुलेंस में डालकर अस्पताल भिजवाया। हादसे के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया। मंत्री स्वयं घायलों को संभालते और एंबुलेंस स्टाफ से बातचीत करते दिखे। इसके बाद उन्होंने क्षतिग्रस्त वाहनों का निरीक्षण कर सड़क पर इन्हें हटाने का निर्देश दिया।



सिविल अस्पताल, कलानौर के एसएमओ डॉक्टर अत्री ने बताया कि 5 घायल हुए, जिनमें 3 को सिर पर चोट, 1 को सीने में और 1 को पीठ व गर्दन में चोट लगी। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए गुरदासपुर रेफर कर दिया गया। मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# संगरूर जिले के बाढ़ पीड़ितों के लिए 3.50 करोड़ रुपये की पहली मुआवजा राशि जारी

**समर न्यूज़। धूरी**







मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने बाढ़ पीड़ितों को दीवाली से पहले (30 दिनों के भीतर) मुआवजा/राहत राशि प्रदान करने का वादा पूरा करते हुए राज्य के लिए 209 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी की है। इसमें से संगरूर जिले के बाढ़ पीड़ितों को 3.50 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। आज, पंजाब के वित्त और योजना मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने धूरी निर्वाचन क्षेत्र में आठ बाढ़ प्रभावित परिवारों को स्वीकृति पत्र सौंपकर मुआवजा वितरण की शुरुआत की। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज, पंजाब भर में 13 कैबिनेट मंत्री मिशन पुनर्वास के तहत राहत राशि वितरित करने के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अजनाला में 631 किसानों को 5.70 करोड़ रुपये के चेक वितरित करके मिशन पुनर्वास की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार किसानों को प्रति एकड़ 20,000 रुपये मुआवजा दिया गया है। पंजाब सरकार हर सुख-दुख में लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर फसलें खराब हो गई थीं। कई लोगों के घर और अन्य इमारतें ढह गई थीं। प्रत्येक प्रभावित परिवार को नुकसान का आकलन करने के बाद राहत राशि दी जाएगी। पहली बार, प्रत्येक क्षतिग्रस्त घर को 40,000 रुपये मिलेंगे, जबकि पहले केवल 4,000 रुपये मिलते थे। किसानों को फसल के नुकसान के लिए प्रति एकड़ 20,000 रुपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब और पंजाबी प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों के साथ हमेशा खड़े रहे हैं। हालांकि, केंद्र सरकार हर क्षेत्र में पंजाब और पंजाबियों के साथ भेदभाव करती है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह पंजाब दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपये जल्द से जल्द जारी करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र द्वारा जारी किए गए 240 करोड़ रुपये वार्षिक किश्त का हिस्सा हैं। चीमा ने दावा किया कि पंजाब सरकार ने लोगों के सहयोग से पूरी ताकत के साथ बाढ़ का मुकाबला किया। यदि समय पर बचाव और राहत कार्य शुरू न किए गए होते, तो नुकसान बहुत अधिक होता। संगरूर जिला प्रशासन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि घग्गर नदी में 747 फीट पानी होने पर आमतौर पर तटबंध टूट जाता था, लेकिन इस बार 755 फीट पानी होने के बावजूद स्थिति नियंत्रण में रही। इससे पहले, डिप्टी कमिश्नर राहुल चाबा ने संगरूर जिले में बाढ़ से निपटने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी और मुआवजा राशि जारी करने के लिए पंजाब सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्रिम व्यवस्थाएं की गई थीं। भारी बारिश के बावजूद, संगरूर जिले से गुजरने वाली घग्गर नदी के 41 किलोमीटर क्षेत्र में एक भी तटबंध नहीं टूटने दिया गया। इस अवसर पर पंजाब राज्य खाद्य आयोग के सदस्य जसवीर सिंह सेखों, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर अमित बैंबी, एसडीएम ऋषभ बंसल, धूरी मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजवंत सिंह घुली, अनवर भसौर, सोनी मंदर और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# इन्वेस्ट पंजाब के बेंगलुरु आउटरीच में बड़ी संख्या में पहुंचे निवेशकः कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा

**समर न्यूज़। चंडीगढ़**

इन्वेस्ट पंजाब की ओर से बेंगलुरु में 'इन्वेस्ट पंजाब के तहत कारोबारी नेताओं से बातचीत' विषय पर आयोजित दो दिवसीय बैठक की मेज़बानी की गई। इस बैठक में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के नेतृत्व वाली टीम को उद्योग जगत के प्रमुख नेताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। कैबिनेट मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन और ग्रुप चर्चाएँ कर उनकी निवेश प्राथमिकताओं को जाना तथा पंजाब के मज़बूत बुनियादी ढांचे, प्रगतिशील नीतियों और प्रोत्साहनों का खाका प्रस्तुत किया। मुख्य चर्चाओं में इंटेल, अर्जस स्टील, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, आइडिया फोर्ज, सोनाटा सॉफ्टवेयर, रॉयल आरचिड होटल्स, इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आइएसए), आइइडीए, टिसॉल्व से जुड़े सीएक्सओज़ के सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआइडीएम), अरविंद कंसल्टेंसी, यूएचपी, आइइएसए, एसइएमआइ, इन्फिनियन टेक्नोलॉजी, एससीएल तथा उद्योगिक विकास के लिये पंजाब से जुड़ी अन्य कंपनियाँ शामिल थीं। कैबिनेट मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने इन औद्योगिक नेताओं को पंजाब में निवेश के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया और राज्य सरकार की औद्योगिक गतिशीलता, रोजगार सृजन और व्यापार-अनुकूल वातावरण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने परियोजना कार्यान्वयन में तेजी लाने हेतु राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई सुगम सुविधा प्रणालियों और बुनियादी ढांचे के उन्नयन की जानकारी भी साझा की। मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि इन्वेस्ट पंजाब के रोड शो के दौरान टीम ने हीरो ग्रुप, एम्बर एंटरप्राइज, आइटीसी, वरुण बेवरेज से जयपुरियाज़, इंटेल, एचएएल, अर्जस स्टील, मेदांता हॉस्पिटल, रॉयल आरचिड, सोनाटा सॉफ्टवेयर, ओला,




आइडियाफोर्ज, ताज होटल्स के लिये आइएचसीएल, रालसन, जेनपैक्ट, मिंडा ग्रुप, जीएमआर, न्यू हॉलैंड, एआइपीएल, दावत राइस ग्रुप, एसीकेएमई सोलर, इंफो ऐज सहित देश की शीर्ष कॉर्पोरेट कंपनियों के साथ भावी निवेश को लेकर बातचीत की। उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब में पहले से ही फल-फूल रहे और विस्तार कर रहे ब्रांड्स/कॉर्पोरेट जैसे नेस्ले, फ्रूडेनबर्ग, डैनन, टाटा स्टील्स, सनातन टेक्सटाइल्स, आइटीसी, हिंदुस्तान लीवर्स, पेप्सिको, वर्बियो, इंफोसिस, महिंद्रा, और सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए सीडीआइएल जैसे ब्रांड्स का योगदान उल्लेखनीय है। साथ ही उन्होंने कहा कि हीरो, मोंटे कार्लो, क्रीमिका, ट्राइडेंट, सोनालिका ट्रैक्टर, निविया स्पोर्ट्स जैसे घरेलू पंजाबी ब्रांड, किसी परिचय के मोहताज नहीं है, ने देश निर्माण में लगातार योगदान दिया है। आसान पहुंच, आधुनिक बुनियादी ढांचे और किफायती दरों पर कुशल जनशक्ति की उपलब्धता के कारण मोहाली आईटी, सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटरों में उच्च तकनीकी निवेश के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। इंफोसिस की बढ़ती उपस्थिति के चलते यह क्षेत्र अब तकनीकी विकास के अवसर तलाश रही अग्रणी कंपनियों को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब का मज़बूत शैक्षणिक वातावरण - जिसमें आइआइटी रोपड़, आइएसबी, आइआइएसइआर, थापर, सीडीआइएल आदि संस्थान शामिल हैं - न केवल नवाचार को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि उन्नत उद्योगों का मार्ग प्रशस्त कर राज्य की स्थिति को और सशक्त बना रहा है। अरोड़ा ने आगे कहा कि माननीय राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और माननीय मुख्यमंत्री भगवंत मान के दूरदर्शी नेतृत्व में पंजाब सरकार, गतिशील औद्योगिक विकास और व्यापक आर्थिक अवसरों से युक्त एक नया पंजाब सृजित करने की दिशा में अग्रसर है। इन्वेस्ट पंजाब निवेशकों की रुचि को ठोस साझेदारियों और वास्तविक निवेशों में बदलने के लिए अपने प्रयास जारी रखेगा।

## तरन तारन उपचुनावः
### नामांकन के तीसरे दिन 3 नामांकन पत्र दाखिल

**समर न्यूज़। चंडीगढ़**

पंजाब विधानसभा की 21-तरन तारन सीट के उपचुनाव के लिए नामांकन के तीसरे दिन 3 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि 21-तरन तारन सीट के लिए आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार करणबीर सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा शिरोमणि अकाली दल की उम्मीदवार सुखविंदर कौर और कंचनप्रीत कौर (कवरिंग उम्मीदवार) ने भी अपने नामांकन दाखिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि नामांकन की प्रक्रिया 13 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है, लेकिन 13 और 14 अक्टूबर को किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 22 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर, 2025 है।

# पंजाब में पशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं होंगी और बेहतरः खुड्डियां

**समर न्यूज़। चंडीगढ़**

पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज 28 नव-नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे, जिनमें 25 वेटरनरी इंस्पेक्टर और तीन क्लर्क शामिल थे। एक चौथी श्रेणी कर्मचारी को पदोन्नति भी दी गई। मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार के सत्ता में आने के बाद अब तक विभाग में 326 वेटरनरी अफसर, 545 वेटरनरी इंस्पेक्टर और 63 क्लास-सी कर्मचारी - जिनमें क्लर्क, आंकड़ाकार, स्टेनो, जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर, लैब सहायक, लैब तकनीशियन, मिल्क रिकॉर्डर, लीगल क्लर्क और मशीन ऑपरेटर शामिल हैं, की भर्ती की जा चुकी है। नव-नियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने उन्हें पूरी लगन और ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने



कहा कि जनसेवा में ईमानदारी और जिम्मेदारी की भावना बेहद आवश्यक है। किसानों की सहायता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में विभाग की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि यह भर्ती विभाग की कार्यकुशलता और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ पंजाब में पशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को और सुदृढ़ बनाएगी। मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान करने के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए श्री खुड्डियां ने बताया कि राज्य सरकार ने पंजाब के योग्य युवाओं को 55,000 से अधिक सरकारी नौकरियां देकर एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि ये सभी नियुक्तियां पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के आधार पर की गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पशुपालन विभाग में 405 नए वेटरनरी अफसरों की भर्ती प्रक्रिया भी जारी है।

# 'युद्ध नशों विरूद्ध': 228वें दिन पंजाब पुलिस ने 296 ग्राम हेरोइन समेत 75 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**समर न्यूज़। चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य में नशे के ख़ात्मे के लिए शुरू की गई मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 228वें दिन पंजाब पुलिस ने 376 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राज्यभर में 75 नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद 61 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके साथ ही 228 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या अब 33,080 हो गई है। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 296 ग्राम हेरोइन, 497 ग्राम अफीम, 13 किलो भुक्की, 1164 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 3120 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने नशे के




खिलाफ लड़ाई की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है। 71 गजटेड अधिकारियों की देखरेख में 1100 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमें ने पूरे राज्य में 376 छापेमार कार्रवाइयाँ कीं। दिनभर चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 378 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

# विजीलेंस ब्यूरो ने वसीका नवीस को 30,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया काबू

**समर न्यूज़। चंडीगढ़**

राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी मुहिम को लगातार जारी रखते हुए, पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने पठानकोट के तहसील कॉम्प्लेक्स में काम कर रहे एक वसीका नवीस (डीड राइटर) दीपक कुमार को 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजीलेंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को पठानकोट जिले के गांव बंगोल के एक निवासी की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि जमीन खरीदने के बाद वह अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री करवाने के लिए उक्त वसीका नवीस से मिला। शिकायतकर्ता ने रजिस्ट्री की आवश्यक फीस वसीका नवीस को ट्रांसफर कर दी, जिसके बाद उसने रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करवा दी। लेकिन बाद में आरोपी ने 30,000 रुपये की रिश्वत की मांग यह कहते हुए की कि तहसीलदार



असली रजिस्ट्री के दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर तभी करेंगे जब रिश्वत की रकम दी जाएगी। शिकायत की पुष्टि के बाद, अमृतसर रेंज की विजीलेंस ब्यूरो टीम ने जाल बिछाया और दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए वसीका नवीस को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत विजीलेंस ब्यूरो थाना अमृतसर रेंज में मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को कल सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की आगे की जांच जारी है।

# केबीसी 17 में अमिताभ बचन के साथ नज़र आएंगे दिलजीत दोसांझ

**समर न्यूज़। चंडीगढ़**

पंजाब के पॉपुलर सिंगर, एक्टर और अंतरराष्ट्रीय स्टार दिलजीत दोसांझ जल्द ही 'कौन बनेगा करोड़पति 17 के स्पेशल एपिसोड में नजर आने वाले हैं. उन्होंने शो की शूटिंग पूरी कर ली है और दर्शक अब उनके एपिसोड के टेलीकास्ट का इंतजार कर रहे हैं. इस शो में जहां कई सितारे मनोरंजन के लिए आते हैं, वहीं दिलजीत का मकसद मानवीय और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़ा था. उन्होंने केबीसी से मिली रकम को पंजाब बाढ़ राहत फंड में दान करने का फैसला किया है.हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक फैन ने जब उनसे पूछा कि 'केबीसी में आपका अनुभव कैसा रहा?', तो दिलजीत ने विनम्रता से जवाब दिया, पंजाब इस साल भारी बारिश और बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ था.गुरदासपुर और अमृतसर जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए, जहां करीब 1,655 गांव जलमग्न हो गए थे और 1.75 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि बर्बाद हो चुकी है. ऐसे में दिलजीत दोसांझ ने आगे बढ़कर न सिर्फ आर्थिक मदद की, बल्कि उन्होंने 10 सबसे ज्यादा प्रभावित गांवों को गोद लिया.



उनकी टीम इन इलाकों में भोजन, पानी, दवाइयां और पुनर्वास कार्यों में लगातार जुटी हुई है. पिछले महीने उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा था, 'हम सब पंजाब के लोगों के साथ हैं. यह वक्त एकजुट रहने और एक-दूसरे की मदद करने का है.'हालांकि सोनी टीवी या केबीसी टीम की तरफ से अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन दिलजीत ने खुद एक वीडियो में कहा था कि उन्होंने 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के लिए शूटिंग पूरी कर ली है. इस एपिसोड में वह अपने हास्यपूर्ण अंदाज, दिल छू लेने वाले जवाबों और पंजाबी टच से दर्शकों का दिल जीतने वाले हैं।

# अमृतसर में रिश्वत लेते 2 पुलिसकर्मी गिरफ्तार
## नशा तस्कर को छोड़ने के बदले ली रिश्वत

**समर न्यूज़। चंडीगढ़**

अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने पुलिस विभाग में पारदर्शिता और ईमानदारी कायम रखने की दिशा में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पुलिस अधिकारियों को एक नशा तस्कर से रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मनिंदर सिंह और आईपीएस अधिकारी आदित्य एस. वॉरियर के मार्गदर्शन में की गई। यह कार्रवाई राज्य स्तर पर चल रहे युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत की गई।आदित्य वॉरियर एसपी ने बताया की एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि अमृतसर ग्रामीण में तैनात एएसआई नरिंदर सिंह और हेड कॉन्स्टेबल परगट सिंह ने दर्शन एवेन्यू के रहने वाले कुलबीर सिंह पुत्र अजीत सिंह को कुछ प्रतिबंधित नशीली दवाइयों और कैप्सूल के साथ थाना छेहरटा क्षेत्र में पकड़ा था। आरोपी को पुलिस चौकी दबुर्जी ले जाया गया।इसके बाद दोनों पुलिस अधिकारियों ने कथित रूप से आरोपी के बेटे शमशेर सिंह से 2,50,000/- की रिश्वत मांगकर स्वीकार की, ताकि उसके पिता को बिना किसी कानूनी कार्रवाई के छोड़ दिया जाए, साथ ही जब्त की गई नशीली सामग्री को भी अपने पास ही रखा।इस मामले में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एएसआई नरिंदर सिंह और हेड कॉन्स्टेबल परगट सिंह के साथ-साथ कुलबीर सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में अमृतसर ग्रामीण के थाना छेहरटा में एफआईआर नंबर 165 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 और 8 तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 22 और 59 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



# फुलकारी महिला संगठनः शक्ति, उद्देश्य और समुदाय का ताना-बाना

**भरत शर्मा / समर न्यूज़। अमृतसर**

अमृतसर के सबसे प्रतिष्ठित महिला संगठन, फुलकारी महिला संगठन ने मीडिया के अमूल्य सहयोग की सराहना और आभार व्यक्त करने तथा छह महीनों की परिवर्तनकारी पहलों और आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए 15 अक्टूबर को अमृतसर क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। फुलकारी महिलाएँ शालीनता, बुद्धिमत्ता और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं - जो उस आधुनिक महिला का प्रतिनिधित्व करती हैं जो पहले से ही सशक्त और मजबूत है, फिर भी समाज को कुछ देते हुए अपने मन को समृद्ध बनाने का निरंतर प्रयास करती है। पिछले छह महीनों में, फुलकारी ने इस भावना को मूर्त रूप देने वाली कई प्रभावशाली पहलों की श्रृंखला शुरू की है। इनमें टीलाथॉन शामिल है - एक बड़े पैमाने पर सर्वाइकल कैंसर जागरूकता दौड़ जिसमें 10 किलोमीटर की पेशेवर श्रेणी शामिल थी, जिसमें अमृतसर के अलावा अन्य जगहों से भी प्रतिभागी शामिल हुए थे - और ई-परिवर्तन, पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने वाला एक ई-कचरा संग्रहण और पुनर्चक्रण अभियान। सामुदायिक जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, फुलकारी की महिलाएँ लगातार इस मुश्किल घड़ी में आगे आई हैं। जब वैश्विक अशांति ने चिंता और अनिश्चितता पैदा की, तो सदस्यों ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नाटक के माध्यम से तनाव मुक्ति सत्र का आयोजन किया। हाल ही में आई बाढ़ के बाद, फुलकारी ने वंचित परिवारों को स्कूल किट और राशन सामग्री वितरित करके महत्वपूर्ण आउटरीच सहायता प्रदान की। ज़िला प्रशासन के सहयोग से, फुलकारी ने डिजिटल, वित्तीय और सोशल मीडिया साक्षरता के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नव्य शक्ति कार्यक्रम के तहत एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए। संगठन अमृतसर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में मेडिकल छात्रों के लिए अपने फुलकारी फ़ेलोशिप प्रोग्राम को मज़बूत बना रहा है और अपनी डिजिटल साक्षरता पहल के तहत खालसा कॉलेज में एक संकाय विकास कार्यक्रम और छात्र अभिविन्यास का सफलतापूर्वक आयोजन कर चुका है। अपने सदस्यों के मस्तिष्क को समृद्ध बनाने और अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए, फुलकारी ने शिबोरी रंगाई कार्यशाला और ड्रम कैफ़ेः पावर इन रिदम जैसे रचनात्मक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिससे सहयोग, आनंद और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा मिला। वेलनेस 360 हेल्थ सत्रों सहित अन्य कार्यशालाओं ने सशक्तिकरण के प्रति फुलकारी के समग्र दृष्टिकोण को और मज़बूत किया। आने वाले महीनों का एक मुख्य आकर्षण *फुलकारी बाज़ार 2025* है, जो एक जीवंत मंच है जो संगठन के सिद्धांतों को दर्शाता है - महिलाओं के लिए अपनी रचनात्मकता साझा करने, एक-दूसरे का समर्थन करने और उद्देश्यपूर्ण उद्यमिता को बढ़ावा देने के अवसर पैदा करना। भविष्य को देखते हुए, फुलकारी ने एक रोमांचक




कैलेंडर की योजना बनाई है - जिसमें नवंबर में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ एक करंट अफेयर्स इवेंट; फरवरी में प्रसिद्ध शेफ अनाहिता धोंडी के साथ एक पाककला अनुभव; और जनवरी 2026 में वियतनाम की फुलकारी यात्रा का अनुभव शामिल है। इस अवसर पर बोलते हुए, अध्यक्ष मीनाक्षी खन्ना ने कहा, "फुलकारी WOA लोगों के जीवन को छूने और बदलाव लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रत्येक पहल समुदायों को मजबूत करने और सशक्त महिलाओं की भावना का जश्न मनाने की दिशा में एक कदम है।"

# सोहाना अस्पताल मेडिकल वेस्ट खुले में कर रहा डंप

» अस्पताल मरीजों पर इस्तेमाल किया सामान फेंक रहा गमाड़ा के सेक्टर 77 में





**हरजीत मठारू | समर न्यूज़ | मोहाली**

मोहाली में गमाडा के सेक्टर 77 के निवासियों को नजदीक में श्री गुरु हरकिशन साहिब चैरिटेबल सेवा अस्पताल के कारण बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों ने बताया कि अस्पताल में मरीजों के ऊपर इलाज दौरान वार्ता हुआ सामान और कूड़ा करकट सब रोजाना उनके सेक्टर में फेंका जाता है। जिसके कारण बहुत ज्यादा गंदगी और गंदी बदबू, मक्खी मच्छर के कारण निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और जिससे गंदी बीमारी लगने का हर समय खतरा बना रहता है। जानकारी देते हुए सेक्टर 77 के निवासी मंजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, अशोक कुमार, वीर दविंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह, अमरीक सिंह ने बताया कि उन्होंने गमाडा के सेक्टर 77 में अच्छी लोकेशन देखकर करोड़ों के घर खरीदे हैं मगर यहां पर लंबे समय से अस्पताल से रोजाना जितना भी कूड़ा करकट और मरीजों के इलाज दौरान जो डॉक्टरों की ओर से समान व्रतों में लाया जाता है वो रोजाना उन्हें सेक्टर में घरों के पास फेंका जाता है जिसके कारण ना तो उनके बच्चे गली में खेल सकते हैं ना ही वह सैर कर सकते हैं क्योंकि हॉस्पिटल से डंप किए जाने वाले सामान के कारण बहुत ज्यादा गंदी स्मेल आती है और आवारा कुत्ते उनमें मुंह मार कर वह सामान को गलियों में बिखेरते हैं जिसके कारण उनको घरों में रहना मुश्किल हुआ पड़ा है।

**मरीजों पर इस्तेमाल किए हुए डायपर**

जानकारी देते हुए निवासियों ने बताया कि जो मरीजों के लिए डाईपर वरते जाते है, वो डाऐपर जिनमें से बहुत ज्यादा गंदी बदबू आती है वह सारे डाईपर हॉस्पिटल वाले गेट के बाहर फेंकते हैं और हवा चलने के कारण गांधी बदबू सारे घरों में जाती है और ना तो कोई घर से बाहर निकल सकता है और हर समय बीमारी लगने का खतरा बना रहता है। कई बार तो आवारा कुत्ते वह डाईपरों को उठाकर गलियों में घूमते है। दाईपर में पड़ा गंध गलियों में बिखरता रहता है और इलाके में बहुत ज्यादा गंदगी पड़ रहती है।

**घरों के आगे हस्पताल फेंकता है कूड़ा करकट**

जानकारी देते हुए निवासियों ने बताया कि रोजाना अस्पताल से जितना भी कूड़ा करकट वेस्टेज और वर्ती हुई दवाइयां का सामान हस्पताल वाले गेट के बाहर फेंकते हैं जिसके कारण जब बारिश पड़ती है तो बहुत ज्यादा गंदगी फैलती है।

**निवासियों ने गामड़ा को दी शिकायत**

सेक्टर में रहते लोगों ने बताया कि उनकी ओर से अस्पताल वालों को पहले भी कई बार सूचित किया गया था कि उनके सेक्टर में यह गंध ना डाला जाए मगर अस्पताल वालों ने उनकी एक न सुनी और उनको अनसुना कर दिया इसके बाद आज सेक्टर वासियों ने गामड़ा को लिखित में शिकायत दी और गामड़ा ने उनका भरोसा दिया कि जल्द से जल्द बनती कार्रवाई की जाएगी।

**क्या कहना है अस्पताल का ?**

सेक्टर 77 के निवासियों की इस समस्या के बारे में जब श्री गुरु हरकिशन साहिब चैरिटेबल सेवा हॉस्पिटल के ट्रस्टी गुरमीत सिंह से समर एक्सप्रेस की टीम ने बात की तो उन्होंने पहले तो बोला उनके गेट के बाहर कोई भी गंध नहीं पड़ा होता जब उनको बताया कि समर एक्सप्रेस की टीम ने जाकर देखा है तो गुरमीत सिंह बोले कि उनको एक दिन का समय दिया जाए वह एक दिन में सब वहां से सफाई करवा देंगे।

**क्या कहना है अधिकारियों का**

इस बाबत जब सिविल सर्जन मोहाली संगीता जैन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में मेरे पास जब कंप्लेंट पहुंचेगी तो सिविल सर्जन की ओर से तुरंत बनती कार्रवाई की जाएगी।

इस बाबत जब मोहाली के एसएमओ परमिंदरजीत सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह एसएमओ के अंदर नहीं आता प्राइवेट हॉस्पिटल की कमेटी ही इसका जवाबदेगी।

# गैर-पेंशनभोगी सैनिकों के लिए दिवाली से पहले बड़ा तोहफा

» वित्तीय सहायता में 100% की बढ़ोतरी को मंजूरी



**समर न्यूज | नई दिल्ली**

दीपावली से पहले केंद्र सरकार ने गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत का ऐलान किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत दी जाने वाली वित्तीय सहायता में 100 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दे दी है। यह संशोधन 1 नवंबर 2025 से लागू होगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, निराश्रित भत्ते को 4,000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। यह सुविधा उन वरिष्ठ नागरिक पूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं को मिलेगी जो गैर-पेंशनभोगी हैं और जिनकी कोई स्थायी आय नहीं है।

**शिक्षा और विवाह अनुदान में भी बढ़ोतरी**

पूर्व सैनिकों के दो आश्रित बच्चों (कक्षा पहली से स्नातक तक) और विधवाओं के दो वर्षीय स्नातकोत्तर कोर्स के लिए शिक्षा अनुदान 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह कर दिया गया है। वहीं विवाह अनुदान को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। यह लाभ अधिकतम दो बेटियों और विधवा पुनर्विवाह के मामलों में दिया जाएगा।

**पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए सुरक्षा कवच** : मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं और निम्न आय वर्ग के आश्रितों के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करेगा। साथ ही यह सरकार की पूर्व सैनिकों की सेवा और त्याग के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाता है।

**सरकार पर सालाना 257 करोड़ रुपये का भार**

वित्तीय सहायता में इस संशोधन से लगभग 257 करोड़ रुपये का वार्षिक खर्च बढ़ेगा, जिसे सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष (AFFDF) से वहन किया जाएगा। इन योजनाओं का प्रबंधन रक्षा मंत्री के पूर्व सैनिक कल्याण कोष के तहत किया जाता है। वर्तमान में देश में 32 लाख से अधिक पूर्व सैनिक हैं, और हर साल करीब 60,000 नए सैनिक सेवानिवृत्त होते हैं।

# फगवाड़ा नेशनल हाईवे पर केमिकल टैंकर में लगी आग, ड्राइवर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा




**समर न्यूज | फगवाड़ा**

फगवाड़ा के नेशनल हाईवे पर मंगलवार को एक केमिकल टैंकर में अचानक आग लग गई, लेकिन ड्राइवर की त्वरित समझदारी से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। टैंकर में ज्वलनशील रसायन भरा था, और यदि आग फैल जाती तो भयंकर विस्फोट हो सकता था। सूत्रों के अनुसार, डेरा बसी से अमृतसर स्थित HCL कंपनी के लिए जा रहा टैंकर (नंबर PB-65L-1975) अचानक धुआं छोड़ने लगा। ड्राइवर पवन कुमार ने केबिन से धुआं उठता देखा तो तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे रोका और फगवाड़ा पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने समय पर आग बुझाई सूचना मिलते ही PCR इंचार्ज अमन कुमार की टीम मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायरमैन दीपक कुमार के नेतृत्व में दो गाड़ियों ने मिलकर करीब कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया। प्रशासन के मुताबिक, समय रहते कार्रवाई होने से आग टैंकर के तेजाब वाले हिस्से तक नहीं पहुंची। ड्राइवर पवन कुमार ने बताया कि आग बिजली की तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। उन्होंने कहा कि धुआं उठने से पहले टैंकर की पावर लाइन से चिंगारियां निकलती दिखाई दी थीं। मौके पर मौजूद लोगों ने ड्राइवर की सूझबूझ की प्रशंसा की। फिलहाल, फायर विभाग और पुलिस ने आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# अमृतसर में रिश्वतखोरी पर बड़ी कार्रवाई, दो पुलिसकर्मी ढाई लाख रुपये लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**समर न्यूज | अमृतसर**

अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने विभाग में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने की दिशा में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पुलिस कर्मियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने एक नशा तस्कर को छोड़ने के 2.5 लाख की रिश्वत ली थी। कार्रवाई एसएसपी मनिंदर सिंह और आईपीएस अधिकारी आदित्य एस. वॉरियर के नेतृत्व में की गई। एसपी (इन्वेस्टिगेशन) आदित्य एस. वॉरियर ने बताया कि पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि अमृतसर ग्रामीण में तैनात एएसआई नरिंदर सिंह और हेड कॉन्स्टेबल परगट सिंह ने दर्शन एवेन्यू निवासी कुलबीर सिंह को प्रतिबंधित नशीली दवाइयों और कैप्सूल के साथ थाना छेहरटा क्षेत्र में पकड़ा था। बाद में दोनों पुलिसकर्मी आरोपी को पुलिस चौकी दबुर्जी ले गए, जहां उन्होंने कथित तौर पर आरोपी के बेटे शमशेर सिंह से 2,50,000 की रिश्वत मांगी और ली, ताकि उसके पिता को बिना कानूनी कार्रवाई के छोड़ दिया जाए। साथ ही, जब्त की गई नशीली सामग्री को भी अपने पास ही रख लिया। गिरफ्तार, भ्रष्टाचार और एनडीपीएस एक्ट की धाराएं लगीं मामले की गंभीरता को देखते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पुलिसकर्मियों और आरोपी कुलबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। थाना छेहरटा में एफआईआर दर्ज की गई है।

# एसएचओ भूषण कुमार के खिलाफ मामला दर्ज

» महिलाओ के साथ अश्लील बाते करने की ऑडियो-वीडियो हुई थी वायरल



**राजू गुप्ता | समर न्यूज | जालंधर**

जालंधर देहात के अंतर्गत आते थाना फिल्लौर के पूर्व एसएचओ भूषण कुमार के खिलाफ देहात पुलिस द्वारा थाना फिल्लौर में केस दर्ज कर लिया गया है। डीएसपी फिल्लौर ने बताया कि देर रात को सोशल मीडिया पर वायरल हो रही ऑडियो व वीडियो को लेकर एसएचओ भूषण कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ऑडियो-वीडियो के मद्देनजर भूषण कुमार के खिलाफ 504/सी.आर.पी.सी. के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है, साथ ही 334/14-10-2025, 75(1) बी.एन.एस., 67(डी) पुलिस एक्ट, 67-आई.टी. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं इस मामले को लेकर जब भूषण कुमार से बात की गई तो उन्होंने मीडिया से दूरी बनाते हुए कहा कि वह इस मामले में कुछ नहीं कहना चाहते। बता दें कि महिला आयोग की चेयरपर्सन ने एसएसपी नोटिस जारी करते हुए भूषण कुमार के खिलाफ कार्रवाई को लेकर निर्देश दिए थे। जिसके बाद 13 नवंबर को दोनों पक्ष महिला आयोग की चेयरपर्सन के समक्ष पेश हुए। इस दौरान एसएचओ भूषण के साथ डीएसपी बल भी मौजूद रहे। महिला आयोग की चेयरपर्सन ने दोनों पक्षों के सबूतों के बाद लड़कियों के साथ सेक्शुअल बातचीत के मामले में एसएचओ को जमकर लताड़ लगाई। महिला आयोग की चेयरपर्सन ने कहा कि वर्दी की आड़ में महिलाओं का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर एसएचओ इस मामले में दोषी पाए गए तो वह खुद एसएचओ के खिलाफ सख्त एक्शन लेंगी। राजलाली ने डीएसपी को कहा कि हर थाने में महिला के साथ बातचीच सीसीटीवी कैमरे के सामने करने का प्रोसिजर है। जिसको लेकर महिला आयोग ने उच्च अधिकारियों से सीसीटीवी फुटेज की मांग की हैं। पीड़िताओं ने भी अपनी रिकार्डिंग्स महिला आयोग को सौंप दी हैं। जिसके सुनने के बाद महिला आयोग की चेयरपर्सन भड़क गई और कहा कि ये बेहद आपत्तिजनक हैं। वहीं एसएचओ ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि रेप केस में समझौता हो रहा था, इसलिए एफआईआर में देरी लग गई। वहीं फिल्लौर के गांव से पहुंचे सरपंच राजकुमार ने बताया कि एसएचओ ने कहा कि रेप मामले में दोनों पार्टियों में राजीनामे पर बात चल रही थी। इसलिए इस केस में एफआईआर दर्ज करने में देरी हुई।

हालांकि महिला कमीशन ने इस बात को सुनने के बाद कहा कि थाने में जब-जब राजीनामे को लेकर बात हुई है, उसकी सीसीटीवी फुटेज सौंपी जाएं। उनकी इस बात को तब तक नहीं माना जाएगा, जब तक सीसीटीवी फुटेज इस बात को साबित नहीं कर देते कि दोनों पार्टियां राजीनामा चाहती थीं। राजलाली ने कहाकि सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग मिलते ही सब पता चल जाएगा और दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर सीसीटीवी फुटेज ना मिले तो बिना सबूत के किसी बात को नहीं सुना जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों की एसएचओ के खिलाफ इंक्वायरी बैठा दी है। अभी रिपोर्ट सबमिट नहीं की गई है। इस रिपोर्ट के साथ अब सीसीटीवी फुटेज भी अटैच करने को कहा है।

# जैसलमेर बस हादसे पर सरकार की बड़ी कार्रवाई : दो अफसर निलंबित, नॉन-एसी बस को बनाया गया था एसी स्लीपर

**समर न्यूज | जैसलमेर**

जैसलमेर बस अग्निकांड के बाद राजस्थान सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। हादसे की जांच में लापरवाही सामने आने के बाद बुधवार को चित्तौड़गढ़ के कार्यवाहक जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) सुरेंद्र सिंह और सहायक प्रशासनिक अधिकारी चुन्नी लाल को निलंबित कर दिया गया। जांच में खुलासा हुआ कि हादसे में शामिल बस चित्तौड़गढ़ आरटीओ कार्यालय में नॉन-एसी बस के रूप में पंजीकृत थी, लेकिन नियमों की अनदेखी करते हुए उसे एसी स्लीपर बस में बदल दिया गया। इस मॉडिफिकेशन की जानकारी परिवहन विभाग को नहीं दी गई थी। अब मामले की जांच एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) भी करेगी।

**पहली FIR दर्ज, मालिक और ड्राइवर पर केस**

मंगलवार देर रात हादसे को लेकर पहली एफआईआर दर्ज की गई। दिवंगत पत्रकार राजेंद्र चौहान के भाई ने बस मालिक और चालक के खिलाफ जैसलमेर सदर थाने में मामला दर्ज कराया है।

**अब तक 21 लोगों की मौत, 4 मरीज वेंटिलेटर पर**

दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। बुधवार सुबह 10 वर्षीय यूनुस ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। महात्मा गांधी अस्पताल के अनुसार, 4 गंभीर रूप से झुलसे मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा गया है।



**चित्तौड़गढ़ के कार्यवाहक डीटीओ और सहायक प्रशासनिक अधिकारी को सस्पेंड किया गया है।**

**डीएनए सैंपल से हो रही पहचान, देरी पर नाराजगी**

जोधपुर और जैसलमेर के अस्पतालों में मृतकों की पहचान के लिए डीएनए सैंपल लिए जा रहे हैं। प्रक्रिया में देरी को लेकर परिजनों ने असंतोष जताया। अस्पताल अधीक्षक ने कहा कि पहचान में थोड़ा समय लग रहा है ताकि किसी प्रकार की गलती न हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अधिकतम 24 घंटे में पहचान प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

**कैसे हुआ हादसा** : मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक प्राइवेट एसी स्लीपर बस में अचानक आग लग गई थी। कुछ ही मिनटों में लपटों ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे 21 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

# रेवाड़ी में 10 फुट लंबा अजगर मिला, डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित रेस्क्यू

**समर न्यूज | रेवाड़ी**

रेवाड़ी जिले के धारूहेड़ा क्षेत्र में मंगलवार को एक विशाल अजगर मिलने से स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। यह करीब 10 फुट लंबा अजगर दिल्ली-जयपुर हाईवे के पास स्थित जंगल बेबलर रिसॉर्ट के नजदीक एक पेड़ पर चढ़ा हुआ दिखाई दिया। अजगर को देखकर आसपास के लोग घबरा गए और तुरंत डायल 112 पर इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत वाइल्डलाइफ विभाग को खबर दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब डेढ़ घंटे की मेहनत के बाद अजगर को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पर एकत्र हो गए। वाइल्डलाइफ इंस्पेक्टर चरण सिंह ने बताया कि रेस्क्यू किया गया अजगर लगभग 10 फुट लंबा है। उसे अब अरावली की पहाड़ियों में छोड़ दिया जाएगा, ताकि वह अपने प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रह सके।



जानकारों का कहना है कि इस साल क्षेत्र में हुई अधिक वर्षा के कारण अजगर जंगल से भटककर रिहायशी इलाके तक आ गया होगा। साथ ही यह संभावना भी जताई जा रही है कि वह किसी ढाबे पर रुके वाहन के जरिए यहां पहुंच गया हो सकता है। वाइल्डलाइफ विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी इलाके में ऐसे वन्यजीव दिखाई दें, तो घबराने के बजाय तुरंत प्रशासन या वाइल्डलाइफ टीम को सूचित करें। इससे न केवल जानवर की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि किसी भी संभावित खतरे को टाला जा सकेगा।

# मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का वादा पूरा, पंजाब सरकार ने 14 ज़िलों में बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवज़ा वितरित किया

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने दिवाली से पहले बाढ़ पीड़ितों को राहत के रूप में 6.3 करोड़ रुपये की मुआवज़ा राशि वितरित की है। 12 कैबिनेट मंत्रियों ने आज "मिशन पुनर्वास" के तहत सरकार के वादे को पूरा करते हुए राज्यभर के प्रभावित परिवारों को बाढ़ राहत राशि के स्वीकृति पत्र सौंपे।

उल्लेखनीय है कि 13 अक्तूबर को मुख्यमंत्री ने अजनाला से 631 परिवारों को 5.70 करोड़ रुपये की मुआवज़ा राशि वितरित करके राज्यव्यापी अभियान की शुरुआत की थी। मान सरकार ने 45 दिनों की समयसीमा से पहले ही फसलों के नुकसान के लिए 20,000 रुपये प्रति एकड़, क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 1.20 लाख रुपये तक की राशि और पशुओं के नुकसान के लिए उचित वित्तीय सहायता प्रदान की है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह राशि लाभार्थियों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से जमा की गई है। गौरतलब है कि विशेष गिरदावरी टीमों ने लगभग हर बाढ़ प्रभावित परिवार को कवर किया है और सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत और पुनर्निर्माण का कार्य पूरा किया जाए।

कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने धूरी विधानसभा क्षेत्र के आठ बाढ़ प्रभावित परिवारों को स्वीकृति पत्र सौंपकर संगरूर में मुआवज़ा वितरण प्रक्रिया की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि संगरूर ज़िले के बाढ़ पीड़ितों को 3.50 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे।

कैबिनेट मंत्री एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने ज़िला एस.ए.एस. नगर की बनूर सब-तहसील के गांव रामपुर कलां और डेराबस्सी तहसील के गांव सरसीनी में बाढ़ प्रभावित परिवारों को मुआवज़ा वितरित करने की शुरुआत की। उन्होंने लगभग 80 प्रभावित परिवारों को 66 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र सौंपे।

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने फाज़िल्का ज़िले में फसलों और मकानों के नुकसान के लिए 1.05 करोड़ रुपये की राहत राशि वितरित की। उन्होंने बताया कि काहनेवाला गांव में 43 लाभार्थियों को 10.19 लाख रुपये और 29 क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 14.22 लाख रुपये, बहिक हस्ता ऊताड़ गांव में 9.47 लाख रुपये तथा धरमपुरा गांव में 71.22 लाख रुपये की राहत राशि वितरित की गयी है।



इसके उपरांत, डॉ. बलजीत कौर ने मलोट क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव लक्कड़वाला, थेहड़ी और शेरगढ़ के निवासियों को 16.88 लाख रुपये का मुआवज़ा वितरित किया। उन्होंने कहा कि भले ही मलोट में बाढ़ नहीं आई थी, लेकिन कुछ इलाकों में फसलों और संपत्ति को नुकसान हुआ था।

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने विधायक गुरलाल घनौर के साथ मिलकर पटियाला ज़िले के बाढ़ प्रभावित गांव सौंटा, शेखपुर, ढखेली, लोहसिंबली और समसपुर के 232 किसानों को मुआवजा स्वरूप 88 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र सौंपे।

भोआ क्षेत्र में खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले, वन और वन्यजीव संरक्षण मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक्क ने 130 बाढ़ प्रभावित परिवारों को 31 लाख रुपये के राहत चेक वितरित किए।

परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कपूरथला ज़िले के गांव किशन सिंह वाला से बाढ़ प्रभावित परिवारों को मुआवज़ा वितरण की औपचारिक शुरुआत की और सुल्तानपुर लोधी सब-डिवीजन के गांव किशन सिंह वाला, चक्क पत्ती बालू बहादर और हुसैनपुर बूले के लगभग 25 किसानों को स्वीकृति पत्र सौंपे।

लोक निर्माण एवं बिजली मंत्री श्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने गुरदासपुर ज़िले के 138 बाढ़ प्रभावित परिवारों को 59 लाख रुपये का मुआवज़ा वितरित किया। इस अभियान के तहत डेरा बाबा नानक के गांव खुशिपुर के 42 लाभार्थियों को 23 लाख रुपये, गुरदासपुर के गांव खोखर राजपूतां के 50 लाभार्थियों को 24 लाख रुपये और डेरा बाबा नानक के गांव कोठे के 46 परिवारों को लगभग 12 लाख रुपये की राहत राशि दी गई।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने फ़िरोज़पुर ज़िले की ज़ीरा सब-डिवीजन के गांव फत्तेवाला से मुआवज़ा वितरण की शुरुआत की, जहां 57 किसानों को 16 लाख रुपये से अधिक के स्वीकृति पत्र दिए गए। इसके अलावा, उन्होंने गांव निहाला लवेरा के 254 किसानों को 99.20 लाख रुपये और फिरोज़पुर के गांव कमल वाला के 37 किसानों को 6.60 लाख रुपये के मुआवज़ा स्वीकृति पत्र सौंपे।

स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने होशियारपुर ज़िले में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत राशि वितरण की शुरुआत की। टांडा नगर परिषद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 60 लाभार्थियों को कुल 24.27 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र दिए, जिसमें गांव फत्ता के लाभार्थियों को 9.46 लाख रुपये, अब्दुल्लापुर के लाभार्थियों को 5.50 लाख रुपये और गंधोवाल के लाभार्थियों को 9.30 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र दिए गए।

जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने अजनाला क्षेत्र के 28 प्रभावित परिवारों को 24 लाख रुपये और राजासांसी क्षेत्र के 23 परिवारों को 18.41 लाख रुपये वितरित किए।

इसी तरह, राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री हरदीप सिंह मुंडियां ने समराला सब-डिवीजन के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांवों के 84 किसानों को बाढ़ राहत के तौर पर 25.05 लाख रुपये वितरित किये।

बागवानी, स्वतंत्रता सेनानी एवं रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने "मिशन पुनर्वास" के तहत शाहकोट के गांव मूलेवाल अराइयां, सीचेवाल, नारंगपुर, सोहल खालसा और बिल्ली वड़ैच के 47 किसानों को 10 लाख रुपये का मुआवज़ा वितरित किया।

# इस दीपावली इन हाथों की मिट्टी की खूबसूरत मेहनत करेगी आपके घरों को रोशन

सुन्दर कुंडू /समर न्यूज़ | पलवल






जिले में दीपावली के त्यौहार पर घरों को मिट्टी के दीपकों से रोशन करने के कार्य में कारीगर जुट गए हैं। महिलाएं व पुरुष कंधे से कंधा मिलाकर दिन रात मिट्टी के दीपक बनाने का काम कर रहे हैं। इन लोगों ने सरकार से विशेष पैकेज की मांग की है। मिट्टी के दीपक बनाने वाले प्रजापत समाज के लोगों का कहना है कि जब से मार्किट में चाइनीज लड़ियां आई है तब से उनकी रोजी रोटी पर संकट पैदा हो गया है। पलवल जिले के होडल क्षेत्र में दीपावली पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों की रौनक बढ़ती ही जा रही है। पर्व को रोशन करने के लिए प्रजापत समाज के लोग भी मिट्टी के दीपक बनाने में जुट गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में दीपक बनाने का काम जोरों पर है। इस कार्य में महिलाएं भी पुरुषों से कम नही है। महिलाए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस पर्व को रोशन करने के लिए दीपक बनाने में जुटी हुई हैं। हालांकि मिट्टी के दीपक बनाने वाले प्रजापत समाज के लोगों का यह भी कहना है कि जब से मार्किट में चाइनीज लड़ियां आई है तब से उनकी रोजी रोटी पर संकट पैदा हो गया है। उनका कहना है कारीगरों की कड़ी मेहनत के बाद भी उनकी दीपावली फीकी ही रहती है। इसके लिए कारीगरों ने सरकार से विशेष पैकेज की मांग की है। दरअसल, नवरात्रों के बाद से ही दीपावली की तैयारी में प्रजापति समाज के कारीगर सनातन धर्म के पर्व को उत्सव व रोशनी के साथ मनाने के लिए कार्य में जुट जाते हैं। लेकिन कड़ी मेहनत के बाद भी प्रजापति समाज के कारीगरों की दीपावली फीकी रहती हैं। मिट्टी के दीपक बनाने वाले कारीगरों का कहना है कि उनके बुजुर्गों के समय से ही वर्षों से मिट्टी के दीपक बनाते आ रहे हैं। उनके गांव में दर्जनों परिवार दीपावली पर्व से दस दिन पूर्व ही मिट्टी के दीपक बनाने में जुट जाते हैं। इसी तरह से शहर में भी प्रजापत समाज के लोग मिट्टी के दीप बनाने में जुट गए हैं। बाजार में चाईनीज लड़ियां व अन्य रंग-बिरंगी रोशनी बिखेरने वाले सामान मिट्टी के दीपको पर भारी पड़ रहे हैं। इसी के चलते आज भी पुराने जमाने से कुम्हार समाज के लोग आज भी अनाज के बदले मिट्टी के दीपको बेचने को मजबूर हैं। प्रजापत समाज के लोगों का कहना है कि बाजार में इलेक्ट्रॉनिक्स समान के प्रचलन के चलते मिट्टी के दीयों की प्रतिवर्ष मांग कम होती जा रही है। ऐसे हालातों में वे अपनी परंपरा को बचाए रखने के लिए ही मिट्टी के दीयों का निर्माण कर रहे हैं। उन्हे फिलहाल लागत के हिसाब से ज्यादा मुनाफा नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते उनकी दीवाली हमेशा फीकी ही रहती है। उन्होंने बताया कि आज भी प्रजापत समाज के लोगों को दीये गांव में फेरी लगाकर बेचने पड़ते हैं। मिट्टी के दीपक बनाने वाले कारीगर मुकेश ने बताया कि उनके पूर्वज भी मिट्टी के दीये बनाते आ रहे हैं। उनके परिवार के सभी सदस्य दीपावली पर्व पर पूरा परिवार मिट्टी के दीये बनाने में जुट जाता है। मिट्टी के दीपको की डिमांड कम होने के चलते अब इस समाज के लोगों पर मंदी का काफी असर है। उन्होंने सरकार से विशेष पैकेज के तहत प्रजापति समाज को राहत देने की मांग की है।

# रोहतक पहुंचे सीएम नायब सैनी, संदीप के परिवार को दी सांत्वना

समर ब्यूरो | रोहतक



रोहतक की साइबर सेल के एएसआई संदीप लाठर ने मंगलवार को अपने मामा के गांव लाढ़ोत में स्थित कमरे में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। संदीप ने मौत से पहले छह मिनट 28 सेकंड की वीडियो रिकॉर्डिंग और चार पेज का सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें उन्होंने पूर्व एडीजीपी वाई पूरण कुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। इस घटना के बाद मृतक का शव परिवार ने पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सौंपने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों और परिवार ने न्याय की मांग की कि पहले मामले की शिकायत दर्ज हो, उसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज लाढ़ोत पहुंचे और मृतक के परिवार से मिलकर सांत्वना दी। उनके साथ प्रदेश के मंत्री महिपाल ढांडा, कृष्ण लाल पंवार और अन्य स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने परिवार को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों को सजा मिलेगी। इनेलो नेता सुनैना चौटाला ने भी परिवार से मुलाकात की और कहा कि पार्टी परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने न्याय सुनिश्चित करने और मामले में किसी भी तरह की लीपापोती को बर्दाश्त न करने का भरोसा दिया। ज्ञात हो कि सात अक्टूबर को पूर्व आईजी रोहतक रेंज एडीजीपी वाई पूरण कुमार ने चंडीगढ़ स्थित आवास में आत्महत्या की थी। इसके ठीक दो दिन बाद ही, अर्बन एस्टेट थाने में दर्ज मंथली मांगने के केस में पूर्व आईजी के सुरक्षाकर्मी हवलदार सुशील कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। साइबर सेल के एएसआई संदीप लाठर ने इसी घटना और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आत्महत्या का कदम उठाया।

## हरियाणा सरकार ने बीपीएल-एएवाई परिवारों के लिए सरसों तेल किया सस्ता



समर ब्यूरो | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने राज्य के गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) और अंत्योदय अन्न योजना कार्डधारकों के लिए फोर्टिफाइड सरसों तेल के दाम में भारी कटौती की गई है। नवंबर 2025 से पात्र परिवार एक लीटर तेल केवल 30 रुपये और दो लीटर तेल 100 रुपये में प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल गरीब परिवारों के रसोई खर्च को कम करने और जीवन स्तर सुधारने के उद्देश्य से शुरू की गई है। राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने नवंबर महीने के लिए तेल का आवंटन जारी कर दिया है। योजना के क्रियान्वयन के लिए हैफेड को 15 जिलों में और हर-हित को 7 जिलों में वितरण कार्य सौंपा गया है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मनीषा मेहरा ने बताया कि तेल वितरण पूरी तरह से सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ केवल सत्यापित बीपीएल और एएवाई कार्डधारक ही उठा पाएंगे। पात्र परिवारों को उनके नजदीकी राशन डिपो पर निर्धारित दरों पर तेल उपलब्ध कराया जाएगा।

# जान पर खतरा बता सूरजेवाला ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका


समर ब्यूरो | चंडीगढ़



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुर्जेवाला ने अपनी और परिवार की सुरक्षा को खतरा बताते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार से रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। सुरक्षा हटाने का प्रस्ताव सुर्जेवाला को पहले वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। लेकिन हालिया गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया कि उन्हें अब किसी विशेष खतरे की आशंका नहीं है, इसलिए सुरक्षा वापस लेने का प्रस्ताव रखा गया। अदालत ने 11 जुलाई, 2025 को आदेश दिया कि सुर्जेवाला संबंधित अधिकारियों के सामने अपने खतरे से जुड़े साक्ष्य और दस्तावेज़ चार सप्ताह के भीतर पेश कर सकते हैं। धमकी भरे कॉल और ऑडियो नोट्स सुर्जेवाला के वकील आर. कार्तिकेय ने बताया कि 11 और 13 सितंबर, 2025 को उन्हें एक पाकिस्तानी मोबाइल नंबर से धमकी भरे कॉल और ऑडियो नोट्स प्राप्त हुए। कॉल करने वाले ने सुर्जेवाला और उनके परिवार को हत्या की धमकी दी और कहा कि वह ग्रेनेड लांचर से उनकी कार पर हमला करेगा। धमकियों के बाद, 13 सितंबर को उनके वकील ने हरियाणा डीजीपी और दिल्ली पुलिस आयुक्त के पास शिकायत दर्ज करवाई। इसके अलावा, 15 सितंबर को दिल्ली पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर धमकी और सुरक्षा से जुड़ा विस्तृत दस्तावेज़ सौंपा गया। 20 सितंबर को भी एक संक्षिप्त रिपोर्ट साझा की गई। हाईकोर्ट से सुरक्षा कवरेज की मांग सुर्जेवाला ने अदालत से आदेश जारी करने का अनुरोध किया है कि उन्हें वर्तमान सुरक्षा के साथ मोबाइल सुरक्षा कवरेज भी उपलब्ध करवाई जाए। उनका कहना है कि पूर्व सांसदों और विधायकों को मोबाइल सुरक्षा दी गई है, जबकि उन्हें इससे वंचित रखा गया है, जो स्पष्ट रूप से भेदभावपूर्ण है। कोर्ट ने सभी पक्षों की सुनवाई के बाद जस्टिस सुवीर सहगल के नेतृत्व में केंद्र और हरियाणा सरकार को 10 नवम्बर तक नोटिस जारी कर इस मामले में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

# दीपावली पर रोशनी रहेगी बरकरार, अनिल विज ने दिए आदेश

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



हरियाणा में इस बार दीपावली पर किसी भी क्षेत्र में बिजली गुल नहीं होगी। राज्य के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं और बिजली के तारों को छू रहे पेड़ों की छंटाई के लिए विशेष अभियान चलाने के आदेश जारी किए हैं, ताकि त्योहारों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मंगलवार को ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में अनिल विज ने कहा कि बिजली चोरी रोकने के अभियानों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि ओवरलोडेड ट्रांसफार्मर और कंडक्टरों को अपग्रेड किया जाए और मरम्मत टीमों में पर्याप्त स्टाफ के साथ सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि खराब ट्रांसफार्मरों को तुरंत बदलने के लिए अलग से बैंक तैयार रखे जाएं, ताकि किसी भी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित न हो। डिफाल्टरों से वसूले गए 922 करोड़ रुपये बैठक में अधिकारियों ने बताया कि 16 अप्रैल से 30 सितंबर तक बिजली डिफाल्टर उपभोक्ताओं से 922 करोड़ रुपये की वसूली की गई है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (UHBVN) ने 492.57 करोड़ रुपये की रिकवरी की, जिसमें यमुनानगर में 117.05 करोड़, पानीपत में 73.93 करोड़, रोहतक में 57.12 करोड़, और अंबाला में 23.89 करोड़ रुपये शामिल हैं। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (DHBVN) ने 489.65 करोड़ रुपये की वसूली की।

इसमें पलवल में 102.24 करोड़, हिसार में 97.36 करोड़, जींद में 55.35 करोड़, और फरीदाबाद में 42.49 करोड़ रुपये शामिल हैं।

बिजली चोरी और बकाया पर सख्त कार्रवाई के आदेश ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिया कि बकाया राशि नहीं चुकाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। जिन गांवों में शत-प्रतिशत बिजली चोरी हो रही है, वहां के सरपंचों के साथ बैठक कर वसूली अभियान चलाया जाए।

उन्होंने कहा कि जिला उपायुक्त और वरिष्ठ अधिकारी इन अभियानों की नियमित निगरानी करें। विज ने यह भी कहा कि आदतन बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं का डाटा तैयार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। बैठक में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अशोक मीणा, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अशोक गर्ग, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक जेगणेशन समेत सभी सर्कलों के अधीक्षक अभियंता, मुख्य अभियंता और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पानीपत में 9वीं के छात्र ने साथियों से परेशान हो जान दे दी

समर न्यूज | पानीपत

पानीपत की मुखीजा कालोनी में नौंवी कक्षा के छात्र मयंक ने स्कूल में शिक्षकों द्वारा की गई प्रताड़ना से तंग आकर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्र पार्वती स्कूल, पीपल वाली गली नंबर 8 का विद्यार्थी था। परिवार ने बताया कि मयंक के कक्षा में एक सप्ताह पहले अन्य छात्रों के साथ किसी मामूली विवाद के चलते झगड़ा हो गया था। बड़े भाई ने स्कूल जाकर मामला सुलझाने की कोशिश की, जिसे महिला शिक्षक ने समझा कर हल कर दिया था। इसके बावजूद, मयंक को कक्षा में अन्य छात्रों के सामने शिक्षक द्वारा अधिक डांट मिलने से वह गहरे आहत हो गया और घर लौटकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पानीपत की सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस ने परिजनों के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम करवाया। फिलहाल, पुलिस घटना की गंभीरता से जांच कर रही है। परिजन दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# शाहाबाद की पद्म श्री हॉकी स्टार रानी रामपाल 2 को बंधेंगी विवाह बंधन में



समर न्यूज़ | शाहबाद

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान और पद्म श्री से सम्मानित रानी रामपाल का विवाह 2 नवंबर को कुरुक्षेत्र के पाल प्लाजा, पीपली रोड में होने जा रहा है। रानी रामपाल के होने वाले पति पंकज पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और रमेश चंद के सुपुत्र हैं। इस खुशी के अवसर पर पूरे देश, विशेषकर हरियाणा में खुशी का माहौल है। हालांकि, रानी के परिवार के लिए चिंता का विषय उनके पिता रामपाल की गंभीर बीमारी बनी हुई है। इस शुभ अवसर पर सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

रानी रामपाल की प्रमुख उपलब्धियां:

पद्म श्री सम्मानः देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया।

अर्जुन अवार्ड और मेजर ध्यानचंद खेल रत्नः खेल में असाधारण योगदान के लिए सम्मानित।

कप्तान के रूप में: टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम को ऐतिहासिक चौथा स्थान दिलाया।

एशियाई खेलः 2018 में भारतीय टीम को रजत पदक दिलाया।

विश्व कपः 2010 महिला हॉकी विश्व कप में 15 वर्ष की उम्र में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं।

रानी रामपाल की सफलता में उनके कोच बलदेव सिंह का विशेष योगदान रहा है। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित बलदेव सिंह ने शाहाबाद के श्री गुरुनानक प्रीतम गर्ल्स स्कूल में रानी को हॉकी की कोचिंग दी। रानी आज भी अपनी उपलब्धियों का श्रेय अपने कोच बलदेव सिंह को ही देती हैं। कोच बलदेव सिंह इस शादी में पिता की भूमिका निभा रहे हैं।

# नूंह क्राइम ब्रांच की मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी आबिद गिरफ्तार



समर न्यूज़ | नूंह

हरियाणा के नूंह जिले में पुन्हाना क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी आबिद को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आबिद ने पीछा करने पर टीम पर फायरिंग की, लेकिन जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और उसे दबोच लिया गया। उसके साथ मौजूद साथी जाहिद हुसैन को भी पकड़ लिया गया। आबिद के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, गो-तस्करी, अवैध हथियारों का इस्तेमाल, लूट और गैंगस्टर एक्ट सहित 12 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। घटना के समय उसकी गोली एएसआई सूरज की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी, जिससे कोई हानि नहीं हुई। सीआईए इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि टीम इंदाना रोड पर गश्त कर रही थी, जब सूचना मिली कि आबिद और उसका साथी इलाके से गो-तस्करी के लिए गुजर रहे हैं। पुलिस ने नाकाबंदी की और दोनों को रोकने का प्रयास किया। आरोपी भागते हुए बाइक फिसल गई और जमीन पर गिर पड़े। आबिद ने पुलिस पर फायरिंग की, जवाब में पुलिस ने फायरिंग की और आबिद के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे पहले पुन्हाना सीएचएसऔर फिर शहीद हसन मेवाती मेडिकल कॉलेज, नल्हड़ रेफर किया गया। मौके से एक अवैध देसी पिस्तौल और बाइक भी बरामद हुई। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक नेटवर्क की जांच कर रही है और क्षेत्र में सक्रिय गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर रही है।

# सीएम सुक्खू ने ई-टैक्सियों को दिखाई हरी झंडी, 1.28 करोड़ की सब्सिडी खर्च

**» एचआरटीसी में रेशनलाइज़ेशन की जरूरत, महिलाओं को 50% सब्सिडी से भी नुकसान : मुख्यमंत्री**




**संजू/ समर न्यूज़। शिमला**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को अपने सरकारी आवास ओक ओवर से राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के तहत ई-टैक्सियों को हरी झंडी दिखाई।सरकार ने बेरोजगार युवाओं को स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इस योजना की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री ने टैक्सी मालिकों को वाहन की चाबियां सौंपीं। इस अवसर पर राज्य सरकार ने 1.28 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने योजना के क्रियान्वयन में हुई देरी को लेकर अधिकारियों पर नाराज़गी भी व्यक्त की।साथ ही उन्होंने एचआरटीसी पेंशनरों की पेंशन में हो रही देरी के मुद्दे पर भी प्रतिक्रिया दी।मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि राज्य सरकार एचआरटीसी को 750 करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही है, लेकिन विभाग में रेशनलाइज़ेशन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगम में बड़ी संख्या में अधिकारी कार्यरत हैं और कामकाज की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जरूरत है।सीएम सुक्खू ने यह भी कहा कि महिलाओं को बस किराए पर दी जा रही 50 फीसदी छूट के कारण निगम को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन हर महीने की 15 तारीख तक मिल जानी चाहिए। हाल में आई प्राकृतिक आपदा से एचआरटीसी को और भी नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई के लिए सरकार प्रयासरत है।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संबोधन दिया था, जहां हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य भी उपस्थित थे। उन्होंने विपक्ष को नसीहत दी कि बिना तथ्य जाने बयानबाज़ी से बचना चाहिए।

# ऊना में तेज रफ्तार एचआरटीसी बस डिवाइडर से टकराकर घूमी, पलटने से बाल-बाल बची

**राकेश/ समर न्यूज़। ऊना**



बुधवार सुबह हिमाचल प्रदेश के ऊना में एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, हिमाचल रोडवेज (एचआरटीसी) की एक तेज रफ्तार बस ऊना से शिमला की ओर जा रही थी। ऊना शहर से बाहर निकलते ही चंडीगढ़–धर्मशाला नेशनल हाईवे पर एक घुमावदार मोड़ पर बस अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद बस सड़क पर घूम गई। हालांकि, गनीमत यह रही कि बस पलटी नहीं, जिससे सभी यात्री सुरक्षित बच गए। बताया जा रहा है कि दुर्घटनास्थल के आगे कुछ दुकानें और मजदूर मौजूद थे, लेकिन हादसा होने से पहले ही बस रुक गई, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई।प्राथमिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि परिवहन विभाग ने भी अपनी ओर से जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। हादसे के बाद यात्रियों को दूसरी बस में भेजा गया। पूरा घटनाक्रम पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

# हमीरपुर में दमकल विभाग ने दीवाली पर आग से निपटने को किए प्रबंध

**समर न्यूज़/ हमीरपुर**



हमीरपुर शहर में दीपावली के त्योहारी सीजन के मद्देनजर दमकल विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है। शहर में दुकानदारों और रेहड़ी फड़ी संचालकों द्वारा सामान को निर्धारित सीमा से बाहर सड़क तक फैलाने के कारण दमकल वाहनों के मार्ग में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

त्योहारों के दौरान पटाखों के कारण आग लगने की घटनाओं की संभावना रहती है। ऐसे में शहर में आगजनी जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए दमकल विभाग ने अपने वाहनों को दीपावली से पहले शहर से बाहर निकालने का निर्णय लिया है। इससे सुनिश्चित होगा कि जरूरत पड़ने पर दमकल वाहन तुरंत घटना स्थल तक पहुंच सकें।गृह सुरक्षा विभाग के निर्देशानुसार दमकल विभाग की टीमें 24 घंटे अलर्ट रहेंगी। शहर में जहाँ भी पटाखा मार्केट हैं, वहां नियमित निरीक्षण किया जाएगा। हमीरपुर जिला में कुल 11 दमकल वाहन हैं और सभी का उपयोग इस दौरान किया जाएगा।

होमगार्ड कमांडेंट विनय कुमार ने बताया कि दीपावली के अवसर पर सभी सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए जा रहे हैं। दमकल विभाग की गाड़ियाँ और कर्मी पूरी तरह तैयार रहेंगे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

# अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी स्थानांतरण पर विवाद भाजपा विधायक ने दी आत्मदाह की चेतावनी



**धर्मवीर/ समर न्यूज़। मंडी**

अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के स्थानांतरण को रद्द करने की मांग को लेकर बल्ह से भाजपा विधायक इंदर सिंह गांधी ने आत्मदाह की चेतावनी दी है। मंगलवार शाम मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात के बाद विधायक ने कहा कि अगर सरकार यूनिवर्सिटी को वापस नेरचौक नहीं लाती, तो वह आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

विधायक गांधी ने सीएम सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि "झूठी गारंटियों" के सहारे सत्ता में आई कांग्रेस सरकार अब जनहित के मुद्दों पर विफल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम के कार्यकाल में हिमाचल की स्थिति "बदहाल" हुई है और जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है।

इंदर सिंह गांधी ने मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र भी सौंपा, जिसमें यूनिवर्सिटी के अलावा क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं का उल्लेख किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिलान्यास पटिका से उनका नाम जानबूझकर हटाया गया है, जिसके खिलाफ वे न्यायालय जाने की चेतावनी दे चुके हैं।कार्यक्रम के दौरान प्रोटोकॉल विवाद भी सामने आया। विधायक का कहना है कि उन्हें कार्यक्रम में उचित सम्मान नहीं दिया गया और नियमों की अनदेखी की गई। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन और कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। बाद में डीसी मंडी अपूर्व देवगन के हस्तक्षेप पर उन्हें सीएम और स्वास्थ्य मंत्री के पास बैठने की व्यवस्था की गई।

इसी बीच, सीएम सुक्खू के नेरचौक मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने कॉलेज गेट पर "अटल यूनिवर्सिटी वापस करो" के नारे लगाए। कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच कुछ देर के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया, हालांकि पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया।

# हमीरपुर में मिर्गी रोगियों के लिए राहत: एम्स दिल्ली की टीम ने जांच शिविर में दी स्वास्थ्य सेवाएं

**अरविन्द/ समर न्यूज़। हमीरपुर**

मिर्गी के मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली की टीम ने हमीरपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में लगाए गए इस शिविर में करीब 40 मिर्गी रोगियों की जांच और उपचार किया गया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की काउंसलिंग की और उन्हें मिर्गी रोग के लक्षण, कारण तथा उपचार की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि मिर्गी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, बल्कि नियमित दवा सेवन और समय पर परामर्श से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। एम्स दिल्ली की यह टीम अब तक हमीरपुर में तीन शिविर आयोजित कर चुकी है। अब तक करीब 150 से अधिक मिर्गी मरीजों का रिकॉर्ड तैयार किया गया है, ताकि उनका समय-समय पर फॉलोअप किया जा सके। इसके अतिरिक्त, जिले के 40 चिकित्सकों को भी प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में मिर्गी रोगियों का उपचार सुनिश्चित कर सकें। स्वास्थ्य विभाग इन मरीजों से मासिक संपर्क



बनाकर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर निगरानी रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर दवा में बदलाव संबंधी परामर्श भी देगा। जानकारी देते हुए डॉ. मयंक शर्मा ने बताया कि शिविर में एम्स दिल्ली से आई टीम का नेतृत्व डॉ. ममता भूषण सिंह, डॉ. हेमंत तिवारी और डॉ. नवीन शुक्ला ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर की जानकारी आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाई गई, जिसके चलते बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचे।

# एचआरटीसी पेंशनर पेंशन न मिलने से भड़के, किया प्रदर्शन



**समर न्यूज़। शिमला**

आराम की उम्र में अब सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं एचआरटीसी (HRTC) के पेंशनर। अप्रैल 2024 के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब तक पेंशन, एरियर, डीए (DA) और मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं मिला है। इसके विरोध में बुधवार को एचआरटीसी पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति ने शिमला में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। पेंशनरों का कहना है कि सुक्खू सरकार ने पुरानी पेंशन योजना (OPS) की गारंटी देकर सत्ता में आने के बावजूद वादे पूरे नहीं किए हैं। करीब 250 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब तक पेंशन का लाभ नहीं मिला है, जबकि बाकी पेंशनरों को हर महीने भुगतान में देरी झेलनी पड़ रही है। सितंबर माह की पेंशन भी अभी तक जारी नहीं की गई है।संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवराज ठाकुर ने बताया कि एचआरटीसी पेंशनरों की करोड़ों रुपये की वित्तीय देनदारियां सरकार के पास लंबित हैं। "मुख्यमंत्री ने एचआरटीसी के 50 वर्ष पूरे होने पर कई घोषणाएं की थीं, लेकिन अब तक अमल नहीं हुआ। पेंशनरों का सब्र टूट चुका है, और अब हमने आरपार की लड़ाई का मन बना लिया है.गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में एचआरटीसी के करीब 8,000 पेंशनर हैं, जिन्हें अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।

# 48 घंटे में ही मुख्यमंत्री भूल गए वीरभद्र सिंह का सबक, 28 स्कूलों को लगाया ताला : जयराम ठाकुर

**» हर दिन एक से ज्यादा स्कूल बंद करने वाले प्रदेश के पहले सीएम बने सुखविंदर सिंह सुक्खू » स्कूल बंद करने की बजाय छात्र संख्या घटने की चिंता करे सरकार » क्या मुख्यमंत्री के हिसाब से एचआरटीसी का प्रबंध सही हाथों में नहीं?**

**समर न्यूज | मण्डी**

मंडी से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश के 28 स्कूलों को डाउनग्रेड करने पर आड़े हाथों लिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के सबक को बड़ी जल्दी भूल गए। महज 48 घंटे पहले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण के दौरान उन्होंने कहा था कि वीरभद्र सिंह जी ने एक बच्चे के लिए भी स्कूल खोला था। आज ही सरकार का नोटिफिकेशन सामने आया है कि सरकार ने 28 स्कूलों को डाउनग्रेड कर दिया है। अब उन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का क्या होगा? क्या बच्चे 10 किलोमीटर पैदल चलकर पढ़ने जाएंगे। लोकतांत्रिक देशों में सरकार का काम "सोशल वेलफेयर स्टेट" का होता है "फ्रेंड्स वेलफेयर स्टेट" का नहीं। आप अगर एक बच्चे के लिए भी स्कूल खोलने के मानक नहीं स्थापित कर पा रहे हैं तो कम से कम 10-10 बच्चे होने पर भी स्कूलों को बंद करने का रिकॉर्ड अपने नाम ना बनाएं। अगर मुख्यमंत्री कोई बड़ी लकीर नहीं खींच रहे हैं तो किसी लकीर को छोटा भी ना करें। नीतियों की वजह से तीन साल में ही प्रदेश 30 साल पीछे चला गया है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि 11 दिसंबर 2022 को सुखविंदर सिंह सुक्खू जी ने प्रदेश की कमान संभाली थी तब से लेकर आज तक कुल 1038 दिन उन्होंने सरकार का कामकाज देखा है। इस दौरान उनके द्वारा 1448 स्कूल बंद किए गए हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो उन्होंने हर दिन एक से ज्यादा स्कूल यानी हर 2 दिन में तीन स्कूल बंद करने का नया रिकॉर्ड अपने नाम स्थापित किया है। इसी तरह इस प्रकार द्वारा डेढ़ हजार से ज्यादा अन्य प्रकार के संस्थान भी बंद किए गए हैं तो मुख्यमंत्री द्वारा हर दिन एक से ज्यादा संस्थान भी प्रदेशवासियों से छीने गए हैं। इस सरकार द्वारा 15000 से ज्यादा नौकरियां लोगों से ली गई है उस हिसाब से सरकार ने हर दिन 15 लोगों से रोजगार छीना है। झूठ बोलने में





रिकॉर्ड स्थापित करने वाले और ब्रिटिश पार्लियामेंट द्वारा झूठा सर्टिफाइड हो चुके मुख्यमंत्री के कारनामे से पूरा प्रदेश त्रस्त है। प्रदेश के लोग सड़कों पर हैं। आज ही चौड़ा मैदान में हजारों की संख्या में पेंशनर्स अपनी जायज हकों की मांग करते हुए धरना दे रहे हैं। यह स्थिति 1 दिन में नहीं बनी है। सरकार को बार-बार अल्टीमेटम देने के बाद भी जब उन्होंने सरकार की तरफ से किसी भी तरह की कोई गुंजाइश नहीं देखी तो इस उम्र में उन्हें सड़कों पर आना पड़ा है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में स्कूल बंद करने की बजाय प्रदेश के स्कूलों में छात्रों की संख्या कम क्यों हो रही है, उस पर विचार करने की जरूरत है? स्कूलों को बंद करने के लिए सरकार द्वारा जो तरकीब निकाली गई है वह भी एक आपराधिक साजिश की तरह है। पहले सरकार सभी उन स्कूलों से अध्यापकों को हटा देती है जिससे एक अफरा तफरी का माहौल वहां के बच्चों और अभिभावकों में बन जाता है और लोग एडमिशन नहीं लेते हैं। क्योंकि शिक्षक ही नहीं है, इसके बाद सरकार कम छात्र संख्या का हवाला देकर उन स्कूलों को बंद कर देती है या फिर डाउनग्रेड कर देती है। इस तरीके से एक सरकार का काम करना बहुत शर्मनाक है।

**क्या मुख्यमंत्री के हिसाब से एचआरटीसी का प्रबंध सही हाथों में नहीं?**

जयराम ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से एचआरटीसी के मसले पर मुख्यमंत्री द्वारा एचआरटीसी के प्रबंधन पर सवाल उठाया गया है वह अपने आप में कई सवाल खड़े करता है? जिस तरीके से मुख्यमंत्री के कार्यों पर उपमुख्यमंत्री टिप्पणी करते हैं और उपमुख्यमंत्री के कार्यों पर मुख्यमंत्री टिप्पणी करते हैं उससे सरकार के बीच चल रही तनातनी सबके सामने आ जाती है। सरकार की इस आपसी तालमेल की कमी का नुकसान प्रदेश के लोग उठाते हैं। क्या मुख्यमंत्री कहना चाहते हैं कि एचआरटीसी का प्रबंध सही हाथों में नहीं है? इस तरफ एक दूसरे पर सवाल उठाकर सरकार अपनी जवाब देही से भाग नहीं सकती है।

**सराज विधानसभा के तीनों मंडल के अधिकारियों के साथ नेता प्रतिपक्ष ने की बैठक**

जय राम ठाकुर ने बुधवार को सराज विधानसभा क्षेत्र के बगस्याड़ में सराज भाजपा के तीनों मंडलों के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त व गतिशील बनाने के लिए आगामी कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का बल सदैव कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और एकजुटता से बढ़ता है, इसी भावना के साथ सभी पदाधिकारियों ने आने वाले समय में पार्टी के जनाधार को और मजबूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के "सेवा, संगठन और सुशासन" के संकल्प को धरातल पर साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# हाईकोर्ट का फैसला, सरकार मंदिरों का चढ़ावा सरकारी योजनाओं में ना लगाए




**संजू / समर न्यूज़। शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक निर्णय देते हुए राज्य सरकार को मंदिरों में चढ़ावे की धनराशि का इस्तेमाल किसी भी सरकारी योजना में करने से रोक दिया है। अदालत ने कहा कि दान की राशि केवल धार्मिक और मंदिर-संबंधित कार्यों पर ही खर्च की जा सकती है।

जस्टिस विवेक सिंह ठाकुर और राकेश कैंथला की खंडपीठ ने जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि मंदिरों का पैसा सड़कों, पुलों, या सार्वजनिक भवनों जैसी सरकारी परियोजनाओं पर खर्च नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि मंदिर अधिकारियों या कमिश्नर के लिए वाहन खरीदने या VIP उपहारों पर भी इस धन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

**कोर्ट ने कहा : देवता का धन, सरकार का नहीं**

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मंदिरों की दान राशि देवता की संपत्ति है, न कि सरकार की। ट्रस्टी केवल संरक्षक हैं, और इस धन का दुरुपयोग आपराधिक विश्वासघात माना जाएगा।अगर किसी ट्रस्टी या अधिकारी द्वारा मंदिर के धन का गलत इस्तेमाल पाया जाता है, तो उससे वह राशि वसूली जाएगी और वह व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा।

**याचिका कैसे पहुंची अदालत तक**

यह मामला कश्मीर चंद शांड्याल की ओर से दायर जनहित याचिका के बाद कोर्ट तक पहुंचा। याचिकाकर्ता ने अदालत से मांग की थी कि हिंदू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ निधि अधिनियम, 1984 का कड़ाई से पालन कराया जाए और मंदिरों की दान राशि का पारदर्शी लेखा-जोखा रखा जाए।

**पारदर्शिता पर जोर**

कोर्ट ने मंदिरों को आदेश दिया है कि वे हर महीने की आय-व्यय रिपोर्ट अपनी वेबसाइट या नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक करें। इससे श्रद्धालुओं में यह विश्वास बनेगा कि उनका दान केवल धार्मिक और सामाजिक कल्याण के लिए उपयोग हो रहा है।

**सरकारों पर टिप्पणी**

याचिकाकर्ता ने बताया कि पिछली कांग्रेस और भाजपा दोनों सरकारों ने मंदिरों के फंड का उपयोग सरकारी योजनाओं में करने की कोशिश की थी।

कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2025 में 'सुख शिक्षा योजना' और 'मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना' के लिए मंदिरों से योगदान मांगा था।

वहीं भाजपा सरकार ने 2018 में मंदिरों के बजट का 15% एनजीओ संचालित गोशालाओं को देने की घोषणा की थी।

**फैसले का असर**

इस फैसले के बाद सरकार अब मनमाने ढंग से मंदिरों के फंड का उपयोग नहीं कर सकेगी। मंदिरों के पैसे की पारदर्शिता बढ़ेगी और अधिकारियों की मनमानी पर अंकुश लगेगा।

**प्रदेश में सरकारी नियंत्रण वाले मंदिर**

फिलहाल हिमाचल प्रदेश में 36 मंदिर सरकारी नियंत्रण में हैं, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। इन मंदिरों में चढ़ावे के रूप में 4 अरब रुपये से अधिक की राशि जमा है।

## किसी से ना कहना

# "प्रशासन ने दो खिलाड़ियों को बड़ी नौकरियाँ दी हैं!"

कौन कहता है प्रशासनिक अमला नौकरियाँ नहीं देता है? भई, जिले इलाही के अफसरों ने तो कमाल ही कर दिया! देश-विदेश में मेडल जीतकर पंजाब का नाम रोशन करने वाले दो विकलांग खिलाड़ियों को "बड़ी नौकरियाँ" दे दी गईं।

एक को बनाया ग्राउंडमैन, यानी मैदान साफ़ करने वाला, और दूसरे को चौकीदार, यानी मैदान की निगरानी करने वाला।

वाह जी वाह!

क्या खूब किया जनाब आपने —

"हमने तो ओलंपिक लेवल की पोस्ट दी हैं — एक मैदान में रहेगा, दूसरा मैदान देखेगा।"

खेल मंत्रालय की नज़र में यही तो खेल की आत्मा है — मैदान से जुड़ाव! अब कुछ लोग कहेंगे कि यह अपमान है, लेकिन जनाब!

यह तो विनम्रता पुरस्कार है।

प्रशासन का कहना है, "हम खिलाड़ियों को जमीन से जोड़ना चाहते हैं।"

और ज़मीन से ज़्यादा जुड़ा कौन होगा — ग्राउंडमैन और चौकीदार से?

अगर यही खिलाड़ी किसी नेता की सिफ़ारिश वाले होते, या जाली डिग्री वाली "मनदीप कौर" तो याद है ना अरे हम तो भूल जनता जर्नादन की मेमरी बहुत कमजोर होती है।

ये वही पुलिस अफसर जो नाभा में किसानों से पंगा कर बैठी थी, अब उसी के मार्ग पर चल पड़ते, तो शायद आज डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स होते।

पर अफसोस — ये तो असली खिलाड़ी निकले, नकली नहीं।

और हमारा प्रशासन भी क्या करे, भाई?

मेडल तो बहुतों ने जीते हैं,

पर सिफारिश ज़्यादा काम कर जाती है, गोल्ड मेडल नहीं।

अब प्रशासन समर्थक कह रहे हैं —

"देखो, हमने नौकरियाँ दीं, कुछ तो किया।"

हाँ, किया — पर ऐसा कि खिलाड़ी भी हँसे और जनता भी रोए।

दिल्ली वाले तालियां बजा रहे होंगे —

"वाह! पंजाब में तो खिलाड़ी और सफाईकर्मी एक ही कतार में हैं —

दोनों सेवा कर रहे हैं — एक खेल की, एक मैदान की।"

अब पुरानी सरकार का कर्म मंत्रा तो आपको याद ही होगा, राज नहीं सेवा और खाते रहो मेवा।

तो दोस्तों, किसी से मत कहना कि खिलाड़ियों को "छोटी" नौकरी दी है।

नहीं नहीं, यह तो "विकास की बड़ी छलांग" है।

एक अब मैदान साफ़ करेगा,

दूसरा मैदान संभालेगा,

और तीसरा प्रेस नोट जारी करेगा —

"पंजाब में खेलों का सुनहरा भविष्य सुनिश्चित।"

किसी से मत कहना, बस मुस्कुरा देना

क्योंकि यह व्यंग्य नहीं, सूबे का असली 'खेल मॉडल' है!

# गलत पॉस्चर बन रहा है सिर और कमर दर्द की बड़ी वजह



दुनिया भर में कौन सी बीमारियां सबसे आम हैं और कौन सी लोगों के कामकाज और निजी जीवन को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं इस पर की गई एक स्टडी में चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। रिपोर्ट के अनुसार, गर्दन का दर्द, कमर दर्द और सिर दर्द जैसी समस्याएं ऐसी हैं जिनसे दुनियाभर में लोग सबसे अधिक परेशान रहते हैं। मेडिकल साइंस में इन परेशानियों को 'ईयर्स लिव्ड विद डिसेबिलिटी' कहा जाता है, यानी ऐसी स्थितियां जो व्यक्ति की सामान्य जीवनशैली को लंबे समय तक प्रभावित करती हैं।

सिर दर्द और माइग्रेन दुनिया की सबसे सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं में से हैं। आमतौर पर सिर दर्द तनाव, आंखों की थकान या दांतों की समस्या जैसी वजहों से होता है, लेकिन हाल ही में आई एक नई रिसर्च ने इसकी एक और वजह उजागर की है।

जर्मनी के एक अध्ययन में डॉक्टरों ने सिर दर्द से पीड़ित मरीजों के एमआरआई स्कैन में पाया कि उनकी गर्दन की मांसपेशियों में सूजन मौजूद थी। इससे संकेत मिलता है कि गर्दन की यह आंतरिक सूजन भी सिर दर्द का एक संभावित कारण हो सकती है।

**दर्द से परेशान हैं एक चौथाई भारतीय**

जर्नल ऑफ हेडेक एंड पेन में आई एक रिसर्च बताती है कि हमारे देश में लगभग दो-तिहाई लोग सिर दर्द से परेशान हैं। वहीं, इंडियन जर्नल ऑक्यूपेशनल एंड एनवायरमेंटल मेडिसिन में प्रकाशित इस रिसर्च के मुताबिक करीब 25% भारतीय किसी न किसी तरह के हड्डियों या मसल्स के दर्द से जूझ रहे हैं।

**रोजाना घंटों बैठकर काम करने वालों के लिए चेतावनी, पॉस्चर सुधारना जरूरी**

**क्या उठने-बैठने के तरीके सुधार करके सिर दर्द कम किया जा सकता है?**

हमारे दिमाग तक खून पहुंचाने वाली नसें हमारी गर्दन से होकर ही जाती हैं। लेकिन अगर नेक मसल्स टाइट हों या पॉस्चर सही न हो तो दिमाग तक खून पहुंचाने वाली इंटरनल जगलर वेन पर भी दबाव पड़ सकता है। जिसकी वजह से सिर दर्द की समस्या हो सकती है।

मतलब हम समझ सकते हैं कि उठने-बैठने के तरीके सुधार कर, नेक और बैक मसल्स को दुरुस्त रख कर सिर दर्द से बचा जा सकता है। यही नहीं खराब पॉस्चर की वजह से गर्दन और कमर दर्द, बल्जिंग डिस्क जैसी और भी कई बीमारियों का खतरा हो सकता है।



**क्या है सही तरीका**

पॉस्चर ठीक करने की बात करने से पहले आपको ये देखना होगा कि आपका पॉस्चर सही है या नहीं। इसके लिए आप वॉल टेस्ट कर सकते हैं।

**गलत तरीके से उठने-बैठने से हो सकती हैं ये परेशानियां**

**गर्दन और कमर दर्द**

खराब पॉस्चर से रीढ़ की हड्डी पर दबाव पड़ता है। साइटिका, स्लिप्ड डिस्क, सर्वाइकल, स्टिफ नेक जैसी बीमारियां हो सकती हैं

**बल्जिंग डिस्क**

इस बीमारी में दर्द रीढ़ की हड्डी से दर्द शुरू होता है और नर्वस सिस्टम को भी प्रभावित कर सकता है। ज्यादातर कुर्सी पर चिपके रहकर काम करने वालों को हो सकती है।

**मांसपेशियों की जकड़न**

इस बीमारी के शिकार वो लोग हो सकते हैं जो बिल्कुल एक्सरसाइज नहीं करते हैं और लंबे समय तक एक ही पोजीशन में बैठकर काम करते हैं।

**फ्लेक्सिबिलिटी में कमी**

जैसे ही शरीर में अकड़न की समस्या आती है, फ्लेक्सिबिलिटी यानी लचीलापन कम होने लगता है।

**बॉडी का बैलेंस गड़बड़**

चलते-फिरते समय बैलेंस रखना मुश्किल हो जाता है। बैठकर उठने से भी डगमगाकर गिर सकते हैं।

अगर आपको मसल्स या हड्डियों के दर्द की दिक्कत है तो दवा या मलहम से दर्द कम करने के साथ दर्द के कारण को पहचानना चाहिए। लंबे समय से खराब पॉस्चर की वजह से भी मसल्स और हड्डियों के दर्द की दिक्कत हो सकती है। पॉस्चर सही रखने से भविष्य में होने वाले वाले दर्द से भी बचा जा सकता है। इसलिए रोजमर्रा के काम करते हुए पॉस्चर का खास ख्याल रखें। आजकल सिटिंग जॉब्स, कम एक्सरसाइज और खराब डाइट की वजह से शरीर दर्द की समस्याएं ज्यादा देखने को मिल रही हैं। दरअसल अगर आपके मसल्स मजबूत नहीं होंगे तो वो बैठते या चलते-फिरते वक्त हड्डियों को सपोर्ट नहीं दे पाएंगे।



**जानिये क्या है बैठ कर काम करने का सही तरीका :** पेल्विक पोजीशन न्यूट्रल रखकर ही कुर्सी पर बैठें।

अपने कंधे को रिलैक्स रखें, ज्यादा ऊंचा न रखें। गर्दन और सिर दोनों स्क्रीन की सीध में रखें। कमर के निचले हिस्से पर जोर न दें, बैक सपोर्ट यूज कर सकते हैं।

अपने कूल्हों और घुटनों को 90 डिग्री पर रखें। एक तरफ झुके नहीं, वजन को दोनों कूल्हों पर बराबर रखें। दोनों पैरों को जमीन पर फ्लैट रखें। लैपटॉप या कंप्यूटर को चेहरे से 18-24 इंच की दूरी पर रखें। अगर लंबे समय तक ऐसे ही चलता रहा तो ये गंभीर बीमारियों की वजह भी बन सकता है। इसलिए अपने पॉस्चर का खास ख्याल रखें और खतरनाक बीमारियों और दर्द से बचें।

# सर्दियों में पानी की कमी से बढ़ सकता है बीमारियों का ख़तरा

गर्मियों में जब तापमान बढ़ जाता है, तब शरीर को ठंडक बनाए रखने के लिए अधिक पसीना आता है और प्यास भी लगती है। इसलिए लोग स्वाभाविक रूप से ज्यादा पानी पीते हैं। लेकिन सर्दियों के मौसम में स्थिति बिल्कुल उलट होती है - ठंडा तापमान, वातावरण में नमी और पसीना न आने के कारण अधिकतर लोग पानी पीना कम कर देते हैं। यही वजह है कि ठंड के मौसम में शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है।

आप सोच रहे होंगे "सर्दियों में भी डिहाइड्रेशन? वो तो गर्मियों की समस्या है!"

जी हां, यह एक आम गलतफहमी है। मौसम कोई भी हो, अगर शरीर को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलता, तो डिहाइड्रेशन होना तय है। पानी न केवल शरीर को हाइड्रेट रखता है बल्कि यह शरीर से टॉक्सिन्स और गंदगी को बाहर निकालने में भी मदद करता है।

जब शरीर में पानी की कमी हो जाती है, तो यह कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। इससे न सिर्फ थकान और कमजोरी महसूस होती है, बल्कि कुछ मामलों में मानसिक कार्यक्षमता पर भी असर पड़ सकता है।

**हमारे शरीर में पानी का महत्व**

मानव शरीर का लगभग 60% हिस्सा पानी से बना है और प्रतिदिन करीब 2.5 लीटर पानी विभिन्न प्रक्रियाओं (जैसे पसीना, सांस, पेशाब आदि) के माध्यम से बाहर निकल जाता है। जब शरीर में लगभग 10% तक पानी की कमी हो जाती है, तो प्यास लगने लगती है। इसलिए सुबह से लेकर रात तक शरीर को नियमित रूप से पानी की जरूरत होती है।

**आयुर्वेद के अनुसार**

सुबह उठकर खाली पेट पानी पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक माना गया है। यह पाचन तंत्र को सक्रिय करता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है।

आम तौर पर, एक व्यक्ति को दिनभर में 8 से 10 गिलास पानी पीना चाहिए। हालांकि, यह मात्रा उम्र, लिंग, शारीरिक गतिविधि और गर्भावस्था जैसी स्थितियों के अनुसार बदल सकती है। अगर शरीर की जरूरत के हिसाब से पानी न पिया जाए, तो कई तरह की दिक्कतें सामने आ सकती हैं।

**सर्दियों में कम पानी पीने से होने वाले नुकसानः**

ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है।

टॉक्सिन्स शरीर से बाहर नहीं निकल पाते।

त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है।

सिरदर्द, थकान और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

सर्दियों में कितना पानी पीना चाहिए?

विशेषज्ञों का मानना है कि ठंड के मौसम में भी दिनभर में कम से कम 3 से 4 लीटर पानी जरूर पीना चाहिए। साथ ही, गुनगुना पानी पीना अधिक फायदेमंद होता है - यह शरीर को अंदर से गर्म रखता है और सर्दी-जुकाम जैसी दिक्कतों से भी बचाव करता है।

**सर्दियों में गुनगुना पानी पीने से मिलते हैं कई फायदे, सेहत रहती है दुरुस्त**

सर्दियों के मौसम में गुनगुना पानी पीना शरीर के लिए किसी औषधि से कम नहीं है। यह न सिर्फ शरीर को अंदर से गर्म रखता है, बल्कि कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से भी बचाव करता है।

**गुनगुना पानी पीने के फायदेः**

गुनगुना पानी शरीर को डिटॉक्स करता है। यह शरीर में जमा टॉक्सिन्स और संक्रमण को पेशाब के जरिए बाहर निकालने में मदद करता है।

इससे कफ, खांसी, जुकाम और सर्दी-जुकाम से जुड़ी परेशानियों से राहत मिलती है।

मसल्स पेन और जोड़ों के दर्द में भी आराम मिलता है।

**जानिए गुनगुना पानी पीने के फायदे**

रोजाना ठंडे या नॉर्मल पानी की बजाय गुनगुना पानी पीने से कब्ज और एसिडिटी की समस्या दूर होती है और पाचन तंत्र बेहतर काम करता है।

यह शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जिससे कैलोरी तेजी से बर्न होती है और वजन नियंत्रित रहता है।

गुनगुना पानी पीने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे दिल की बीमारियों और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम हो जाता है।

ठंडी हवाओं के संपर्क में रहने पर यह शरीर दर्द और कंपकंपी से राहत देता है।

यह सेंट्रल नर्वस सिस्टम को शांत रखता है और मानसिक तनाव कम करता है।

गुनगुना पानी ब्लड वेसेल्स को लचीला बनाए रखता है, जिससे शरीर में रक्त प्रवाह सुचारू रहता है।

**सर्दियों में प्यास कम लगती है, तो ऐसे बढ़ाएं पानी पीने की आदत**

ठंड में अक्सर प्यास नहीं लगती, और काम में व्यस्त रहने के कारण लोग कई-कई घंटे तक पानी नहीं पीते। ऐसे में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इस समस्या से बचने के लिए इन आसान उपायों को अपनाएं-

**1. मोबाइल में वॉटर अलार्म लगाएंः**

पानी पीने के लिए एक तय रूटीन बनाएं। मोबाइल एप्स पर वॉटर अलार्म सेट करें, जो समय-समय पर पानी पीने की याद दिलाएगा।

**2. अपनी पसंद की बोतल रखेंः**

एक सुंदर या पसंदीदा पानी की बोतल खरीदें और हमेशा अपने साथ रखें। इसे देखते ही पानी पीने की याद आएगी।

**3. स्ट्रॉ का इस्तेमाल करेंः**

स्ट्रॉ वाली बोतल से पानी पीना आसान और मजेदार लगता है। इससे आप बार-बार पानी पीने के लिए प्रेरित होंगे।

**4. रात को सोते समय पानी पास रखेंः**

नींद के दौरान शरीर को लंबे समय तक पानी नहीं मिलता। अगर पानी पास में होगा, तो रात में उठने पर आसानी से पानी पी सकेंगे।

**5. ध्यान रखेंः**

हमेशा बैठकर और धीरे-धीरे घूंट-घूंट करके पानी पिएं।

**कब नहीं पीना चाहिए पानी**

चाय या कॉफी पीने के तुरंत बाद

अमरूद, संतरा जैसे फल खाने के बाद

धूप से आने के तुरंत बाद

वॉकिंग या एक्सरसाइज के तुरंत बाद

खाना खाते समय और खाने के एक घंटे के भीतर



# महिला विश्व कप के बीच भारतीय टीम पर जुर्माना



**समर न्यूज |दुबई**

आईसीसी ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के बीच भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना रविवार को विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीग चरण मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया है। समय सीमा को ध्यान में रखते हुए, भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अपने निर्धारित समय से एक ओवर पीछे पाई गई, जिसके चलते टीम पर आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैदानी अंपायर सू रेडफर्न और निमाली परेरा, थर्ड अंपायर किम कॉटन और फोर्थ अंपायर जैकलीन विलियम्स ने आरोप लगाए, जिसके बाद एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के मिचेल पेरेरा ने भारतीय टीम पर यह जुर्माना लगाया।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आरोप और प्रस्तावित दंड स्वीकार कर लिया, जिसके चलते किसी औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी।

12 अक्टूबर को विशाखापत्तनम में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने प्रतिका रावल 75 और स्मृति मंधाना 80 की शानदार पारियों के दम पर 330 रन बनाए। विपक्षी टीम की ओर से एन्नाबेल सदरलैंड ने सर्वाधिक 5 विकेट हासिल किए, जबकि सोफिया मेलोनेक्स ने 3 विकेट निकाले।

इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 49 ओवरों में 3 विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली। इस टीम के लिए कप्तान एलिस हेली ने सर्वाधिक 142 रन जुटाए, जबकि एलिस पेरी ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। भारत की ओर से श्री चरणी को सर्वाधिक 3 विकेट हाथ लगे।

भारतीय टीम 4 में से 2 मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर मौजूद है। टीम इंडिया ने श्रीलंका और पाकिस्तान के विरुद्ध मुकाबले जीतने के बाद साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो मुकाबले गंवाए।

टीम इंडिया ने 19 अक्टूबर को इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला खेलना है, जिसके बाद 23 अक्टूबर को भारतीय टीम न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। इसके बाद 26 अक्टूबर को उसकी भिड़ंत बांग्लादेश से होगी। फैंस को उम्मीद है कि टीम इंडिया अगले दौर में प्रवेश करेगी।

# आर्चरी प्रीमियर लीग : भारतीय तीरंदाजी में एक नया अध्याय



**समर न्यूज | नई दिल्ली**

आर्चरी प्रीमियर लीग 2025 का आयोजन भारतीय तीरंदाजी संघ ने किया, जिसमें दुनियाभर के कई सर्वश्रेष्ठ तीरंदाजों ने अपनी चमक बिखेरी। इस लीग में छह टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें कुल 48 तीरंदाज शामिल थे। इनमें 36 भारतीय और 12 विदेशी थे। आर्चरी प्रीमियर लीग (एपीएल) में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एक साथ खेले, जिसमें युवा तीरंदाजों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिला। इनमें कुछ विदेशी दिग्गज भी शामिल थे, जिससे भारतीय खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय मुकाबलों का अनुभव मिला। इसने यकीनन उनके प्रदर्शन और मानसिक मजबूती को बेहतर बनाने में मदद की। आर्चरी प्रीमियर लीग 2025 का पहला राउंड-रॉबिन चरण 2-6 अक्टूबर और दूसरा 7-11 अक्टूबर के बीच आयोजित किया गया। इस दौरान प्रत्येक प्लेइंग लाइनअप में कम से कम एक विदेशी तीरंदाज को शामिल किया गया था, जिन्होंने मिश्रित रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। आर्चरी प्रीमियर लीग 2025 में दो राउंड-रॉबिन चरण हुए, जिसके बाद नॉकआउट मुकाबलों का आयोजन किया गया, जिनमें सेमीफाइनल और फाइनल शामिल थे।

राउंड-रॉबिन चरण में रोजाना तीन मुकाबलों का आयोजन हुआ। फ्लडलाइट में खेली गई प्रत्येक प्रतियोगिता 20 मिनट की हुई। इसमें प्रत्येक तीरंदाजी के लिए 15 सेकंड का समय दिया गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में यह समय 20 सेकंड होता है।

इस लीग में एरो शूटिंग की दूरी ओलंपिक मानक के अनुरूप ही थी। रिकर्व के लिए 70 मीटर, जबकि कंपाउंड के लिए 50 मीटर के लिए दूरी तय की गई।

आर्चरी प्रीमियर लीग (एपीएल) में इन छह टीमों ने राउंड-रॉबिन चरण में एक-दूसरे का सामना किया। दोनों राउंड-रॉबिन चरणों के बाद शीर्ष चार टीमें नॉकआउट चरण में पहुंची, जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल खेले गए। राजस्थान की टीम राजपूताना रॉयल्स ने दिल्ली की पृथ्वीराज योद्धा को हराकर गोल्डन ट्रॉफी अपने नाम की।

तीरंदाजी की जड़े बहुत पुरानी हैं। मध्य पाषाण युग के उत्तरार्ध से धनुष-बाण का प्रयोग होता था, लेकिन ओलंपिक ने इसे आधुनिक खेल के रूप में लोकप्रिय बनाया।

1900, 1904, 1908 और 1920 के ओलंपिक में तीरंदाजी को शामिल किया गया। ओलंपिक 1904 में यह महिलाओं की स्पर्धाओं को शामिल करने वाले पहले खेलों में से एक था। लेकिन तीरंदाजी के प्रारूप असंगत थे। यह अक्सर स्थानीय नियमों पर आधारित होते थे। ऐसे में तीरंदाजी को ओलंपिक से हटा दिया गया।

# प्यूर्टो रिको के खिलाफ अर्जेंटीना की शानदार जीत

**समर न्यूज | फोर्ट लॉडरडेल**

अर्जेंटीना ने चेज स्टेडियम में प्यूर्टो रिको के खिलाफ 6-0 से जीत दर्ज की। मुकाबले के दौरान स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने दो गोल में असिस्ट किया। इसी के साथ लियोनेल मेसी पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक असिस्ट करने वाले खिलाड़ी बन गए। अद्भुत कौशल और रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धियों के लिए मशहूर मेसी ने अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 60 असिस्ट किए हैं। प्यूर्टो रिको के खिलाफ दो असिस्ट के साथ उन्होंने नेमार और लैंडन डोनोवन को पछाड़ दिया। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने करियर में 58-58 असिस्ट किए हैं। अब मेसी अपने पेशेवर करियर में कुल 400 असिस्ट से सिर्फ तीन ही कदम दूर हैं। प्यूर्टो रिको के विरुद्ध मुकाबले में अर्जेंटीना ने तुरंत ही गेंद पर नियंत्रण कर लिया था।

मुकाबले के 13वें मिनट मोंटील ने मेसी को क्रॉस दिया, जिन्होंने क्रॉसबार पर शॉट मारा। निकोलस गोंजालेज ने रिबाउंड पर वॉली से गेंद को गोल की ओर पहुंचाया और मैक एलिस्टर ने हेडर से गोल करके मैच का खाता खोला।

मैच के 23वें मिनट मेसी ने मोंटील को एक बेहतरीन पास दिया, जिन्होंने इसे गोल में तब्दील करते हुए अर्जेंटीना के स्कोर को 2-0 पहुंचा दिया।

इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी लगातार प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल की तलाश में लगे रहे। मैक एलिस्टर ने मुकाबले के 36वें मिनट एक और गोल किया।

दूसरे हाफ में, मैदान पर कुछ बदलावों के साथ एल्बी सेलेस्टे ने मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा। 64वें मिनट तक अर्जेंटीना की टीम 4-0 से आगे थी।



79वें मिनट मेसी के एक और बेहतरीन पास के बाद, निको गोंजालेज ने गेंद को लौटारो मार्टिनेज को दिया, जिन्होंने तुरंत इसे गोल में बदलते हुए स्कोर 5-0 पहुंचा दिया। 84वें मिनट मेसी ने पीछे से एक शानदार पास दिया, जिससे मार्टिनेज ने फिर से बिना गलती किए, एक तेज और सटीक फिनिश के साथ स्कोर को 6-0 में बदल दिया।

# लुधियाना की सेंट्रल जेल से हवालाती फरार

## » जेल प्रशासन में मचा हड़कंपा

अशवनी पाहवा/समर न्यूज | लुधियाना

लुधियाना की ताजपुर रोड स्थित सेंट्रल जेल से बीती रात एक हवालाती के फरार होने का मामला सामने आया। घटना ने जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फरार हुए हवालाती की पहचान राहुल पुत्र विनोद शाह निवासी गांव गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। वह लुधियाना के सुंदर नगर भामियां कलां में रह रहा था।

जानकारी के अनुसार हवालाती राहुल पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर 5 में दर्ज एक मुकदमे के तहत न्यायिक हिरासत में बंद था। देर रात जब जेल स्टाफ ने कैदियों की गिनती की,तो राहुल गायब मिला। इसके बाद जेल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस हरकत में आ गई और आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। हालांकि देर शाम तक फरार हवालाती का कोई सुराग नहीं मिल सका।

इस घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि जेल से किसी हवालाती का इस तरह भाग निकलना बड़ी सुरक्षा चूक मानी जा रही है।



फरार हवालाती की फ़ाइल फ़ोटो।

मामले में जब जेल अधीक्षक या अन्य अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। घटना को लेकर अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। उधर, पुलिस ने फरार कैदी को जल्द पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया है और विभिन्न संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। वही जेल प्रशासन के साथ साथ जिला पुलिस ने भी सेंट्रल जेल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया।

# आखिर कहां है केंद्रीय जेल की सुरक्षा क्योंकि आए दिन नशा व मोबाइल तस्करी, लड़ाई झगड़े और अब जेल ब्रेक

सुनील शिंगार/ लुधियाना

हर तरफ केंद्रीय सुरक्षा बल, पुलिस और कैमरे लगे होने का दावा करने वाली केंद्रीय जेल प्रशासन के सामने एक बड़ा सवाल है, कि आखिर कहां है सुरक्षा व्यवस्था? कारण है कि आए दिन केंद्रीय जेल में नशा तस्करी पकड़ी जा रही है तो मोबाइल फोन पकड़े जाना ओर लड़ाई झगड़ा आम बात है। अब जेल ब्रेक का भी एक मामला सामने आ गया जिसमें एक हवालाती जेल से भाग निकला। ऐसे में केंद्रीय जेल प्रशासन पर सुरक्षा को लेकर बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो चुका है कि आखिरकार यह एक इतिफाक है या फिर सोची समझी साजिश।




**कई बार आई अंदर के लोगों की मिली भगत सामने** : कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं जिसमें जेल के अंदर तस्करी के मामलों में अंदर के ही स्टाफ या फिर मुलाजिमों के नाम सामने आ चुके हैं। बीते दिनों भी एक डिप्टी सुपरिटेंडेंट का नाम सामने आया था जिस पर मोबाइल फोन और नशा तस्करी का आरोप लगा। इससे पहले जेल वार्डन और कई पुलिस मुलाजिमों के भी नाम सामने आ चुके हैं जिनकी मिली भगत से केंद्रीय जेल के अंदर मोबाइल फोन या फिर नशा पहुंचा हो। ऐसे में यह रक्षा करने वाले ही जेल के भक्षक साबित हो रहे हैं।

**मोबाइल फोन जेल में अपराध का बड़ा कारण** : सूत्रों का मानना है कि केंद्रीय जेल के अंदर तस्करी या फिर अन्य तरह के अपराध होने के पीछे सीधे तौर पर जेल में मोबाइल फोन पहुंचना है। सूत्रों का यह भी दावा है कि मोबाइल फोन के जरिए ही केंद्रीय जेल के अंदर बैठ बड़े अपराधी बाहर लोगों के संपर्क में रहते हैं। ऐसे में समय-समय पर केंद्रीय जेल में पहुंचाई जाने वाली तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए वह लोग पूरी प्लानिंग के साथ ही काम करते हैं। सूत्रों के मुताबिक जब तक केंद्रीय जेल के अंदर मोबाइल फोन पहुंचने बंद नहीं होते तब तक जेल के अंदर अपराध नहीं रख सकता।

# दबदबा बनाने के लिए रखा था देसी पिस्टल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

सुनील शिंगार/समर न्यूज | लुधियाना



कार में देसी पिस्टल लेकर घूम रहे एक आरोपी को थाना सुधार की पुलिस ने इलाका में से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी से जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। वहीं थाना सुधार की पुलिस ने आरोपी सुखदीप सिंह निवासी रायकोट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड भी हासिल किया है जिस दौरान उससे पूछताछ की जा रही है।

इस मामले में जगराओं के डीएसपी वरिंदर सिंह खोसा ने बताया कि उनकी पुलिस पार्टी को भनक लगी थी कि उक्त आरोपी इलाका में अपना दबदबा बनाने के लिए पिस्टल रखे हुए हैं। सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपी पर पहले भी एक मुकदमा दर्ज है। उक्त आरोपी पर पहले आरोप था कि उसने कार में पेट्रोल भरवा कर पंप वाले को धमकियां दी और वहां से भाग निकला। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर इस बात का पता लगाया जा रहा है कि वह देसी पिस्टल कहां से लेकर आया था।

# चौड़े बाजार में फोर व्हीलर की नो एंट्री, दुकानदारों ने एसीपी को बताई अपनी समस्याएं





सुनील शिंगार/ सौरव अरोड़ा, लुधियाना

दुकानों के बाहर सड़कों पर अतिक्रमण हटाने के बाद अब चौड़ा बाजार में चार पहिया वाहनों की एंट्री को भी बंद कर दिया गया है। चार पहिया वाहनों की एंट्री ट्रायल के तौर पर बंद की गई है जिस दौरान एसीपी ट्रैफिक, जॉन इंचार्ज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे। जब चार पहिया वाहनों की एंट्री बंद की गई तो वहां कुछ दुकानदारों ने विरोध किया और अपनी समस्याएं एसीपी ट्रैफिक को बताइए। एसीपी ट्रैफिक ने उक्त दुकानदारों की समस्याओं को सुनकर उसका हल निकालने का भी आश्वासन दिया जबकि सीधे शब्दों में कहा कि वह जो भी नियम लागू कर रहे हैं वह सोच विचार कर ओर जनता के हित में ही कर रहे हैं।

**गिरजा घर चौंक से घास मंडी चौंक तक नो एंट्री**

ट्रायल के लिए गिरजा घर चौंक से घास मंडी चौंक तक नो एंट्री किया गया है। इसी बात पर दुकानदारों ने अपना पक्ष रखा कि उनकी दुकानदारी खराब होगी। एसीपी ट्रैफिक ने दुकानदारों को बताया कि सिर्फ 4 पहिया वाहनों की एंट्री बंद होने से बाजार में ट्रैफिक समस्या खत्म होगी। जिसका सीधे तौर पर दुकानदारों को ही फायदा होगा। उन्होंने बताया 2 पहिया और 3 पहिया वाहनों की आवाजाही पहले की तरह जारी रहेगी। वहीं सुबह 11 बजे से पहले और शाम 8 बजे के बाद बड़े वाहनों से दुकानदार सामान ला ओर ले जा सकते है।

**मुलाजिमों से बदसलूकी करना गलत**

एसीपी ट्रैफिक जतिन बंसल ने बताया कि उनको पता चला है कि कुछ दुकानदार वहां पर तैनात पुलिस मुलाजिमों से बदसलूकी करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसा किया जाना कानूनी गलत है तो वही एसीपी ने बताया कि जो दुकानदार सड़कों पर कब्जा कर सामान रखते हैं वह खुद ही वहां से कब्जे हटा ले नहीं तो उन पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई किसी संगठन के कहने पर नहीं की गई जबकि पुलिस और निगम अधिकारियों की सलाह के बाद ही ऐसा किया जा रहा है।

**तह बाजारी विंग ने कई जगह की कारवाई**

नगर निगम के तह बाजारी विंग की लगातार चल रही कार्रवाई के तहत बुधवार को भी महानगर के कई इलाकों में सड़कों से कब्जे हटाए। विंग के अधिकारियों द्वारा जालंधर बाइपास स्थित सब्जी मंडी के बाहर से कब्जे हटाए गए तो शहर के भीड़ भाड़ वाले इलाकों में भी उन्होंने कई दुकानों के बाहर से कब्जे हटवाए। इस मामले में तह बाजारी विंग के इंस्पेक्टर विपिन हांडा पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सड़कों पर कब्जे करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

# सुबह साढ़े चार बजे सब्जी मंडी पहुंचे प्रधान रूबल, ट्रैफिक सुधारा - आढ़ती भाईचारे ने की जमकर सराहना

लक्की मेहता/समर न्यूज | लुधियाना

लुधियाना सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान कुलप्रीत सिंह रूबल ने एक बार फिर मिसाल कायम की है। रूबल ने सोमवार तड़के करीब सुबह साढ़े चार बजे सब्जी मंडी पहुंचकर ट्रैफिक व्यवस्था को बहाल करवाने की जिम्मेदारी निभाई। उनके इस कदम की मंडी के आर्थिक व कारोबारी भाईचारे में जमकर तारीफ हो रही है।



**सब्जी मंडी के गेट के आगे लगी नाजायज गाड़ियों को हटाते हुए प्रधान रूबल।**

सुबह सूरज की पहली किरण फूटने से पहले ही मंडी में पहुंचे प्रधान रूबल ने मुख्य एंट्री गेट के बाहर बेतरतीब ढंग से खड़ी गाड़ियों को हटवाने की पहल की। उन्होंने फड़ों के आगे खड़ी गाड़ियों के ड्राइवरों को सख्त चेतावनी दी कि मंडी में नाजायज तरीके से पार्किंग और फड़ लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्रधान रूबल ने बताया कि कुछ आढ़ती अपने फड़ों के आगे गाड़ियां खड़ी करवाकर प्रत्येक वाहन मालिक से 2000 रुपये तक की अवैध वसूली कर रहे हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह गैरकानूनी करार देते हुए कहा कि मंडी में इस तरह की हरकतें अब बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने मुख्य गेट के सामने खड़ी आधा दर्जन गाड़ियों को हटवाकर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु किया। रूबल ने चेताया कि जो लोग सड़कों के बीच रेहड़ियां या फड़ लगाते हैं, वे अपनी आदतें सुधारें और पीली लाइन के पीछे निर्धारित स्थानों पर ही कारोबार करें, अन्यथा एसोसिएशन द्वारा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आढ़ती भाईचारे का कहना है कि रूबल की इस पहल से न केवल मंडी की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आएगा, बल्कि कारोबार भी सुचारु रूप से चल सकेगा। उन्होंने कहा कि अगली बार प्रधान रूबल के साथ पूरी टीम मौके पर पहुंचकर व्यवस्था सुधार में सहयोग करेगी।

# आरएसएस कार्यालय के बाहर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन - पुलिस से हुई धक्का-मुक्की, भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ की प्रेस वार्ता

## » भाजपा ने भी प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस पर शोक को राजनीति में बदलने के लगाये आरोप

अशवनी पाहवा/समर न्यूज | लुधियाना

लुधियाना के घुमार मंडी स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय के बाहर बुधवार को पंजाब युवा कांग्रेस की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन पंजाब युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहित महिंद्रा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें लुधियाना के कई युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरएसएस पर युवाओं के शोषण का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया, जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कार्यालय के मुख्य द्वार के पास रोकने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। वही पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया। मोहित महिंद्रा ने कहा कि केरल में हाल ही में एक युवक की शोषण के मामले में मौत हो गई,जिसके पीछे आरएसएस का हाथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि संघ अपने संगठनों के माध्यम से युवाओं का मानसिक और सामाजिक शोषण कर रहा है, और अब समय आ गया है कि युवा इसके खिलाफ आवाज उठाएं।






**आरएसएस दफ्तर का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसियों को खदेड़ती हुई पुलिस। (दाएं) भाजपा की ओर से की जा रही प्रेस कांफ्रेंस।**

वही भाजपा पंजाब के उपाध्यक्ष बिक्रमजीत सिंह चीमा ने कहा कि अनंतु अजी एक समर्पित स्वयंसेवक थे, जिनके परिवार का संघ से पुराना और सम्मानजनक संबंध रहा है। उनके पिता भी एक वरिष्ठ स्वयंसेवक थे, जिससे यह क्षति और अधिक पीड़ादायक बन गई है। चीमा ने शोक-संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा पंजाब अनंतु अजी के असामान्य निधन की व्यापक, पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की मांग करती है, ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल तथाकथित सुसाइड नोट में संघ को बदनाम करने के लिए झूठे और भ्रामक आरोप लगाए गए हैं। ऐसे प्रयासों को ईमानदार जांच के माध्यम से उजागर किया जाना चाहिए।

भाजपा नेता ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दल इस दुखद घटना का राजनीतिक शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "दुःख के इस क्षण को राजनीतिक तमाशा बनाना बेहद शर्मनाक और अनैतिक है।" चीमा ने कहा कि कांग्रेस का संघ को बदनाम करने और उस पर निराधार आरोप लगाने का पुराना इतिहास रहा है, चाहे वह झूठा प्रचार हो या कानूनी प्रतिबंधों के माध्यम से दबाव। लेकिन हर बार सत्य की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि संघ कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय एकता और समाजसेवा के लिए अपार बलिदान दिए हैं, और उन्हें बदनाम करने का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य है। भाजपा पंजाब ने दोहराया कि वह अनंतु अजी को न्याय दिलाने और संघ के सम्मान की रक्षा के लिए निष्पक्ष जांच की मांग करती है।

वहीं, मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। किसी प्रकार की बड़ी घटना नहीं हुई है और हालात फिलहाल सामान्य हैं। प्रदर्शन के चलते कुछ देर के लिए इलाके में ट्रैफिक बाधित रहा। पुलिस ने स्थिति सामान्य होने के बाद आवागमन बहाल कर दिया।

# सराफा बाजार में महिला ने सुनार पर लगाया अंगूठी खराब करने का आरोप

## » दुकानदार का आरोप महिला ने मारा थप्पड़

सुनील शिंगार/समर न्यूज | लुधियाना



अंगूठी बचने के लिए आई एक महिला का सराफा बाजार स्थित एक सुनार के साथ विवाद हो गया। विवाद में महिला ने आरोप लगाया कि सुनार ने उसकी अंगूठी खराब कर दी। इसी को लेकर महिला ने खूब हंगामा मचाया। वही सुनार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उसने अंगूठी खराब नहीं की जबकि उसकी शुद्धता चेक करते हुए कुछ दाग लगे हैं। सुनार ने यह भी आरोप लगाया कि महिला ने उसके थप्पड़ भी मारा है। फ़िलहाल इस मामले की शिकायत थाना कोतवाली की पुलिस को दी गई है जबकि पुलिस मामले की जांच करने की बात मान रही है।

पीड़ित महिला ने बताया कि उसको पैसों की जरूरत थी। इसी के चलते वह अपनी सोने की अंगूठी बचने के लिए सराफा बाजार स्थित एक सुनार की दुकान पर गई। सुनार ने अंगूठी पर कट लगा दिया जिससे उसकी अंगूठी खराब हो गई। वही दुकानदार ने बताया कि महिला के आरोप लगाने के बाद उसने अंगूठी के बनते पैसे देने की भी बात कही लेकिन महिला किसी भी बात पर आने की बजाय सिर्फ विवाद खड़ा कर रही है। इसी दौरान महिला ने उस पर थप्पड़ भी जड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान के सीसीटीवी कैमरे की जांच कर अगली कार्रवाई करने की बात मानी।

# फुटपाथ पर लग रही नाजायज रेहड़ियों पर मार्केट कमेटी की सख्ती, माल जब्त - कई फड़ी वाले भागे अंदर

लक्की मेहता/समर न्यूज | लुधियाना

बहादुर के रोड़ स्थित सब्जी मंडी के बाहर फुटपाथ पर लग रही रेहड़ियों और फड़ियों पर आज मार्केट कमेटी ने कार्रवाई की। सचिव मार्केट कमेटी हरिंदर सिंह गिल ने सुपरवाइज़र भूपिंदर सिंह, रवि शेरइंदर सिंह और बब्बू के साथ बहादुरके रोड स्थित होलसेल सब्जी मंडी का दौरा कर मुख्य सड़क से नाजायज कब्जे हटवाए।

सचिव हरिंदर सिंह गिल ने बताया कि मंडी के बाहर मुख्य सड़क पर बड़ी संख्या में रेहड़ियां लग जाने से रोज़ाना सुबह भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती थी। इससे आम जनता, व्यापारी वर्ग, आढ़ती भाईचारा और वाहन चालक सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि इस इलाके में कई स्कूल, इंडस्ट्री, धार्मिक स्थल, रिहायशी कॉलोनियां और हॉस्पिटल हैं। ऐसे में ट्रैफिक जाम की वजह से मरीजों की आवाजाही पर भी असर पड़ सकता था, जिससे कभी भी गंभीर स्थिति बन सकती है।

हरिंदर सिंह गिल ने बताया कि यह सड़क दिल्ली-अमृतसर हाईवे से जुड़ी मुख्य मार्ग है। ऐसे में मंडी के बाहर फुटपाथ पर लगने वाली नाजायज रेहड़ियां न सिर्फ ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड़ रही थीं, बल्कि यह नियमों और शर्तों के विरुद्ध भी है।





उन्होंने बताया कि मार्केट कमेटी की ओर से कब्जाधारियों को पहले चेतावनी दी गई थी और फ्लेक्स बोर्ड लगाकर सूचित किया गया था कि वे फुटपाथ खाली कर मंडी के अंदर अपनी रेहड़ी-फड़ी लगाएं। लेकिन तय समय बीतने के बाद भी सुधार न होने पर आज कार्रवाई करते हुए फुटपाथ खाली करवाया गया और माल जब्त किया गया। जैसे ही कार्रवाई शुरू हुई, कई रेहड़ी-फड़ी संचालक अंदर भाग गए, जबकि कुछ ने खाली प्लॉटों में माल फेंकना शुरू कर दिया।

सचिव ने साफ कहा — "अगर अब भी रेहड़ी-फड़ी संचालक नियम नहीं मानेंगे, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।"

**(फ़ोटो- राजवीर बक्शी)**

# नशे में धुत पोते ने दादी की बेरहमी से हत्या

गुरशरन सिंह | समर न्यूज़ | डेराबस्सी

गुलाबगढ़ रोड स्थित गली नंबर 9 में मंगलवार देर रात शराब के नशे में पोते ने अपनी दादी की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतका की पहचान 70 वर्षीय गुरबचन कौर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, आरोपी आशीष, जो गुप्ता कॉलोनी के मकान नंबर 1665 में रहता है, शराब का आदी था और नशा करने से रोकने पर अक्सर दादी से झगड़ता रहता था। मंगलवार रात भी नशे की हालत में उसने दादी के गले पर चाकू से कई वार कर दिए। हत्या के बाद उसने शव को छिपाने की कोशिश में उसके ऊपर गैस सिलेंडर रख दिया और ऊपर से चादर डाल दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना का पर्दाफाश तड़के करीब तीन बजे हुआ, जब पड़ोसियों ने घर में असामान्य सन्नाटा देखकर अंदर झांका और पुलिस को सूचना दी। मां बोलीं मुझे देखते ही भाग गया आरोपी की मां, जो एक शिक्षिका हैं, ने बताया कि जब वह


बुजुर्ग की हत्या के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, इनसेट में गुरबचन कौर की फाइल फोटो

रात करीब ढाई बजे स्कूल से घर लौटीं, तो दरवाजा खोलते ही आशीष उन्हें देखकर भाग गया। घर में घुसते ही उन्होंने देखा कि उनकी मां गुरबचन कौर का शव खून से लथपथ पड़ा था। बताया गया कि आशीष पिछले कुछ महीनों से बेरोजगार था और रोज शराब पीने लगा था। दादी द्वारा नशा करने से रोकने पर अक्सर दोनों के बीच झगड़े होते थे।आरोपी के भाई सतेंद्र सैनी ने बताया कि रात करीब सवा एक बजे उनकी दादी से फोन पर बात हुई थी। उन्होंने बताया कि एक कोरियर आया है, जिसे दादी ने बाहर से लेकर घर में रख लिया था। कुछ घंटे बाद ही यह दर्दनाक वारदात हो गई। परिवार का कहना है कि आशीष का एक लड़की से प्रेम संबंध था, जो टूटने के बाद वह तनाव में रहने लगा और शराब का आदी बन गया। थाना डेराबस्सी प्रभारी सुमित मोर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी आशीष को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है। पुलिस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है।

# मोहाली में 11 हज़ार गौ-गोबर के दीपकों से सजेगा दिवाली का उत्सव



हरजीत मठारू/समर न्यूज़ | मोहाली

दिवाली के पावन पर्व को पर्यावरण के अनुकूल और आध्यात्मिक रूप से समर्पित बनाने की दिशा में मोहाली की गौ ग्रास सेवा समिति द्वारा एक अनूठी पहल की जा रही है। समिति की ओर से गोचर गौशाला के सहयोग से गौ-गोबर से निर्मित 11 हज़ार दीपक तैयार करवाए गए हैं, जिन्हें शहर के 1000 निवासियों में वितरित किया जाएगा। इस विशेष वितरण का आयोजन गौ हॉस्पिटल एवं गौशाला, फेज 1, मोहाली के परिसर में आयोजित होने वाले एकादशी भजन संकीर्तन कार्यक्रम 17 अक्टूबर के दौरान किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल दिवाली को पारंपरिक और शुद्ध रूप से मनाना है, बल्कि लोगों को गौ-संवर्धन, स्वदेशी परंपराओं और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भी है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इन दीपकों में देसी घी अथवा सरसों के तेल का उपयोग कर जलाया जा सकता है, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। गौ ग्रास सेवा समिति का मानना है कि यदि हर घर में एक दीया गौ-गोबर का जलाया जाए, तो यह न केवल प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व को दर्शाता है, बल्कि गौमाता के प्रति श्रद्धा भी प्रकट करता है। दिवाली के शुभ अवसर पर ऐसे कार्य समाज को प्रेरणा देते हैं।

# चंडीगढ़ में काली थार का केहर,दो सगी बहनों को मारी टक्कर ,एक की मौत

शालू मिरोक | समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ में काली थार ने सड़क किनारे खड़ी सगी बहनों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जहां एक युवती की मौत हो गई, जबकि दूसरी की हालत गंभीर है।टक्कर मारने वाली थार चंडीगढ़ नंबर की थी। हादसा दोपहर बाद करीब 3 बजे सेक्टर 46 में हुआ। बहनों के घायल होने के बाद लोगों ने उन्हें इलाज के लिए सेक्टर 32 स्थित अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने युवती सोजेफ को मृत घोषित कर दिया।सोजेफ, बुड़ैल की रहने वाली थी। वहीं उसकी बहन ईशा सेक्टर-32 अस्पताल में गंभीर रूप से घायल भर्ती है। वहीं पुलिस ने थार और उसके ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी



है। मामले की जांच सेक्टर 34 पुलिस कर रही है।मृतका के पिता सावेद ने बताया कि वह मूल रूप से यूपी का रहने वाला है। हाल में वह परिवार सहित चंडीगढ़ में रहता है। उसकी दो बेटियां है और एक छोटा बेटा है। जिस बेटी की मौत हुई, वह 22 साल की थी। जोकि सेक्टर-46 के देव समाज कॉलेज में BA में पढ़ती थी। वह सेक्टर 46 में ही ब्यूटी पार्लर का काम सीख रही थी। बड़ी बेटी ईशा(24) है। दोनों बहनें आज सेक्टर 46 कॉलेज के बाहर वाली सड़क पर खड़ी होकर ऑटो का इंतजार कर रहीं थी। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार की एक थार आई और उन्हें टक्कर मार दी।पुलिस के मुताबिक जिस एड्रेस पर थार रजिस्टर्ड है, वह सेक्टर 21 का है। पुलिस वहां गई थी लेकिन वह मकान उसने बेच दिया है। आरोपी अब वहां पर नहीं रहता। CCTV फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# चंडीगढ़ के रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरी मालगाड़ी



हरजीत मठारू/समर न्यूज़ | पंचकूला

चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी पटरी से उतरील हालांकि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ 1 सूचना मिलते ही अंबाला मंडल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक खाली करके यातायात शुरू करवाया। इसे लेकर अंबाला मंडल के डी.आर.एम. विनोद भाटिया ने जांच के आदेश दिए हैं और जल्द रिपोर्ट देने को कहा है। हादसे के कारण चंडीगढ़ से प्रयागराज और लखनऊ जाने वाली दोनों ट्रेनें निर्धारित समय से लगभग 2 घंटे देरी से चलीं। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम को प्लेटफार्म संख्या-6 के पास मालगाड़ी इंजन के 2 पहिए पटरी से उतर गए। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी दिखाई दे रही है और लोको ड्राइवर की हालत भी स्थिर है। उसे प्रक्रिया के अनुसार सभी टैस्ट करवाने होंगे। पटरियों को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और उनकी मरम्मत कर दी गई। लगभग 45 मिनट के बचाव कार्य के बाद ट्रैक को परिचालन योग्य बना दिया गया। इंजन के पटरी से उतरने के कारण ऊंचाहार एक्सप्रेस (14218) अपने निर्धारित समय शाम 4:45 बजे के बजाय 2 घंटे देरी से शाम 6:45 बजे चंडीगढ़ से रवाना हुई। ट्रेन संख्या 15012 चंडीगढ़ भी 1 घंटा 30 मिनट देरी से रवाना हुई

# विधायक कुलवंत सिंह ने तीन प्रमुख सड़कों के निर्माण परियोजनाओं का किया उद्घाटन

परदीप सिंह हैप्पी/समर न्यूज़ | मोहाली

एस.ए.एस विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को और गति देते हुए, विधायक कुलवंत सिंह ने मोहाली की तीन प्रमुख सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्यों का उद्घाटन किया। यह पहल विधानसभा क्षेत्र के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने और लोगों को बेहतर संपर्क सुविधाएँ प्रदान करने के लिए की गई है।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए, विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि लांडरां पहुँच मार्ग की कुल लंबाई आधा किलोमीटर और चौड़ाई 14 फीट है, इसके निर्माण पर 23 लाख रुपये खर्च होंगे, सड़क 80 मिमी पेवर ब्लॉक से बनाई जा रही है। इस सड़क की आखिरी मरम्मत 2017 में की गई थी और यह काम 6 महीने में पूरा हो जाएगा।

विधायक कुलवंत सिंह ने बताया कि तंगोरी से मानकपुर कल्लर संपर्क मार्ग की कुल लंबाई 1.31 किलोमीटर और चौड़ाई 10 फीट है। इसके निर्माण की अनुमानित लागत 60 लाख रुपये है। इस सड़क का निर्माण 80 मिमी पेवर ब्लॉक बिछाकर किया जा रहा है। इस सड़क की आखिरी मरम्मत 2016 में की गई थी और इस कार्य को 6 महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि सेखन माजरा से कुर्रा संपर्क मार्ग की कुल लंबाई 1.25 किलोमीटर और चौड़ाई 10 फीट है। इस सड़क के निर्माण पर 27 लाख रुपये की लागत आएगी, जिसमें से 5.30 लाख रुपये हर 5 साल बाद रखरखाव के लिए रखे गए हैं। इस सड़क को नए रूप में नया रूप दिया जा रहा है। इस सड़क की आखिरी मरम्मत 2017 में की गई थी और यह कार्य भी 6


लिंक सड़कों की निर्माण परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान विधायक कुलवंत सिंह।

महीने में पूरा कर लिया जाएगा।विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है, पंजाब में संपर्क सड़कों की मरम्मत का काम तेज़ी से किया जा रहा है और लगातार काम शुरू किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जो भी विकास कार्य होने हैं, उन्हें शुरू किया जाएगा। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर गाँवों में आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा खोले गए आम आदमी क्लीनिकों में प्रतिदिन लाखों मरीज़ अपनी स्वास्थ्य संबंधी जाँच करवाते हैं और इन मोहल्ला क्लीनिकों से उन्हें मुफ़्त दवाइयाँ भी मिलती हैं। विधायक ने कहा कि इसके अलावा, पंजाब को फिर से हरा-भरा और रंगीन पंजाब बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हलके में 1 करोड़ 10 लाख रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है, जिन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा और संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कोई भी लापरवाही न बरती जाए और लोगों को यह सुविधा जल्द से जल्द मिले।

विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को सर्वोत्तम सुविधाएँ प्रदान करना है और इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। उन्होंने अधिकारियों को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

# लापता डॉक्टर, 2 दिन बाद मिला



हरजीत मठारू/समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ के जी.एम. सीएच-32 का डॉक्टर अचानक लापता हो गया, जिन्हें कसौली से बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि जी.एस. सीएच-32 के डॉक्टर गौरव एमडी के छात्र थे और कर्नाटक के रहने वाला था। वह पिछले 2 दिनों से लापता था। परिवार से बात करने के बाद वह लापता हो गए था और उनका मोबाइल भी बंद था। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी, जिसके बाद डॉक्टर को कसौली से बरामद किया गया।

# महिला बाउंसर को शादी का झांसा दे बनाए संबंध एफ. आई.आर. दर्ज

हरजीत मठारू/समर न्यूज़ | पंचकूला

सैक्टर-5 महिला के पुलिस थाने में यौन शोषण से लेकर प्राइवेट वीडियो को वायरल करने का बड़ा मामला सामने आया है। महिला बाऊंसर ने बताया कि वह चंडीगढ़ सैक्टर-26 के क्लबों में सिक्योरिटी का काम करती है। इसी दौरान उसकी जान-पहचान आरोपी के साथ हुई थी। जहां आरोपी बाऊंसर ने उससे पहले दोस्ती की, फिर प्यार का नाटक किया। इसके बाद आरोपी ने चंडीगढ़ के ही होटल में उसके साथ संबंध बनाए। इस दौरान वायदा किया गया था कि आरोपी उसके साथ शादी करेगा लेकिन जब उसने कई महीनों के बाद शादी के लिए पूछा तो उसने मना कर दिया। वहीं इसके साथ ही आरोपी ने




खुद और अपनी एक महिला बाऊंसर दोस्त के जरिए उसकी एक प्राइवेट वीडियो दिखाई। इसके बाद आरोपी और महिला बाऊंसर ने उसे धमकाते हुए कहा कि अगर उसने शादी के बारे में दोबारा से बात की तो वह उसकी प्राइवेट वीडियो लीक कर देगा। इसके बाद बार बार के टॉर्चर से तंग आकर पीड़ित महिला बाऊंसर ने मामले की शिकायत महिला पुलिस थाने में दी। जहां प्राइमरी जांच में सामने आया कि मामला चंडीगढ़ से जुड़ा है, लेकिन पंचकूला पुलिस ने शिकायत के आधार पर जीरो एफ. आई.आर. दर्ज की है जिसे चंडीगढ़ पुलिस के पास भेजा गया है। पीड़ित महिला बाऊंसर ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने आखिर कब उसका यह वीडियो बनाया, उसे इसकी कोई जानकारी नहीं थी। वहीं अब बार-बार उस वीडियो को लोगों के बीच वायरल करने का डर दिखाया जा रहा है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर वीडियो भी डिलीट करवानी चाहिए। पंचकूला महिला थाना पुलिस ने चंडीगढ़ पुलिस को जानकारी दी है।




ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 41